रायपुर, गुरुवार 14 दिसंबर 2023 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर

भव्य समारोह में मोदी, शाह, नड्डा सहित कई राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने ली शपथ

छत्तीसगढ़ में अब भाजपा की नई सरकार का आगाज होने के साथ विष्णु राज बुधवार से प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कुछ केंद्रीय मंत्री, सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कई राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने हिंदी में शपथ ली।

# नई सरकार का आगाज
# शुरू हुआ विष्णु राज



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ




## पेंड्रा के पंडित स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य सहित 5 पुरोहितों ने किया राजतिलक

प्रदेश की खुशहाली के लिए की पूजा



पेंड्रा। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके पहले मुख्यमंत्री निवास पर विष्णुदेव साय का भगवान गौरी गणेश की पूजा अर्चना के बाद राजतिलक किया गया। इस दौरान विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या भी मौजूद रहीं। शेष पेज 4 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शाम को चार बजे सबसे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद पहले उपमुख्यमंत्री के तौर पर अरुण साव और फिर विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ के साथ ही कार्यक्रम भी समाप्त हो गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया।

### ये राष्ट्रीय नेता रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक शाह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी शेष पेज 4 पर

### साय ने अटल-वीर नारायण को किया नमन

मुख्यमंत्री श्री साय ने सवेरे अवंती विहार एटीएम चौक स्थित छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय जयस्तंभ चौक पहुंचे और छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान को नमन किया।

### संतों के लिए अलग मंच




शपथ ग्रहण समारोह के खास मौके पर साधु समाज को विशेष उपस्थिति और मंच प्रदान किया गया। खास बात यह थी कि इस मौके पर छत्तीसगढ़ में सभी मठों, संप्रदायों के साधु-संतों को विशेष रूप से आमंत्रित किया शेष पेज 4 पर

### मंत्रालय पहुंचकर पदभार किया ग्रहण

नए मुख्यमंत्री साय ने बुधवार शाम को शपथ ग्रहण के बाद मंत्रालय महानदी भवन में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यभार संभाला। यह पहली बार हो रहा है कि मुख्यमंत्री ने कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री शेष पेज 4 पर

## विष्णु कैबिनेट का विस्तार होगा विधानसभा सत्र के बाद


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बन गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों ने भी शपथ ले ली है। इसके बाद पूरे प्रदेश की दिलचस्पी इसमें है कि विष्णु कैबिनेट में बाकी मंत्री कौन कौन होंगे। माना जा रहा था कि एक दो दिन में मंत्रिमंडल का विस्तार कर लिया जाएगा। लेकिन इस पर बड़ा अपडेट है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक शेष पेज 4 पर

### विधानसभा सत्र अगले हफ्ते

भाजपा सूत्रों का कहना है, अगले हफ्ते विस सत्र बुलाया जाएगा। कैबिनेट के विस्तार को लेकर अभी समय लिया जाएगा। इसीलिए पहले विधानसभा का सत्र बुलाने की तैयारी है। एक- दो दिनों में सरकार विधानसभा सत्र की संभावित तिथि बताएगी। उसके बाद सत्र आयोजित होगा जिसमें विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर के लिए सबसे ज्यादा 8 बार शेष पेज 4 पर




### कैबिनेट के बाद सचिवों से वन-टू-वन

नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक गुरुवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में रखी गई है। इसके बाद विभागीय सचिवों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। सभी सचिवों को दो मिनट का वक्त दिया गया है। सूत्रों के अनुसार किसी खास विषय पर जानकारी मांगने पर यह समय बढ़ सकता है।

### चाय पर चर्चा


सियासत पर तनातनी के बीच यह तस्वीर आज दिनभर चर्चा में रही।

विशेष पेज 8 भी देखें ...







## अभिभूत हुए विष्णु, कहा- मोदी जी का आभार, उनकी गारंटी पूरा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू हुए। बोले-शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आए। उनका आभार। उनके आने से हम अभिभूत हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सभी केंद्रीय मंत्री,राज्यों के मुख्यमंत्री यहां पर आए, उन सबके प्रति आभार। श्री साय प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विशेष रूप से आभारी नजर आए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मोदी की जो गारंटी दी गई है, उसे पूरा करने का काम करेंगे। कैबिनेट के विस्तार को लेकर उन्होंने कहा, इंतजार कीजिए। मंत्रालय में अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों साथ कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा, शपथग्रहण समारोह के बाद मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया है। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पधारे यह सौभाग्य था। समारोह में आए सभी का आभार व्यक्त करना चाहेंगे। हजारों की संख्या में जनता भी आई। भाजपा पर बड़ा विश्वास कर जीत दिलाई है। प्रथम दिवस था और विधिवत पूजा अर्चना कर काम शुरू किए हैं।

नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट

## नक्सली हमले में जवान शहीद, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर



नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी बम विस्फोट की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का एक जवान शहीद हो गया है। एक अन्य जवान घायल हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमदई घाटी स्थित लौह अयस्क खदान क्षेत्र में बम विस्फोट के कारण छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के नवमी शेष पेज 4 पर

### शहीद जवान जांजगीर के रहने वाला

शहीद जवान कमलेश राज्य के जांजगीर क्षेत्र के रहने वाले थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। इस हमले में घायल हुए आरक्षक विनय कुमार को मामूली चोटें आई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




जय माता दी
जय महाकाल
जय श्री राम
जय श्री श्याम
श्रद्धेय अटल जी के सपनों के छत्तीसगढ़ को
सजाएंगे सवारेंगे और समृद्ध वैभवशाली बनाएंगे
छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष
माननीय अरुण साव जी
को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजय रजक
यशवंत जैन
संजय अग्रवाल
रजनीश शुक्ला
अखिल राजा दीवान
नंदू ओझा
हितानंद अग्रवाल
कमल सोनी
सीताराम जोशी
शुभेच्छु : समस्त मित्रगण एवं शुभचिंतक

14122023-Dak-03_Layout 1 12/14/2023 12:57 AM Page 1

रायपुर
गुरुवार, 14 दिसंबर 2023
अगहन शुक्ल द्वितीया
वर्ष : 22, अंक : 147
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00 * *

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 27.7
न्यून. 15.2

महादेव सट्टा एप के सरगना सौरभ चंद्राकर के राइट हैंड रवि उप्पल तथा उसके दो अन्य साथियों को दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। रवि की गिरफ्तारी की ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक दुबई पुलिस ने रवि उप्पल को एक सप्ताह पूर्व किसी मामले में गिरफ्तार किया था, तब दुबई पुलिस को रवि के भारत के वांछित अपराधी होने की जानकारी मिली। इसके बाद ईडी तथा मुंबई पुलिस को इंटरपोल के माध्यम से इस बात की जानकारी मिली। सूत्रों के मुताबिक संबंधित जांच एजेंसियां रवि को दुबई से भारत लाने की तैयारी में हैं। रवि उप्पल की गिरफ्तारी के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने ट्विट के माध्यम से सट्टेबाजी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

# महादेव सट्टे का बड़ा खिलाड़ी रवि उप्पल दुबई में गिरफ्तार, इंटरपोल की मदद से दबोचा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण काल के समय छोटे स्केल में शुरू किया गया ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का सालाना टर्नओवर वर्तमान में 15 हजार करोड़ रुपए के करीब है। अवैध रूप से संचालित महादेव सट्टा के जरिए हवाला के साथ मनी ▸▸शेष पेज 4 पर

### रवि, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ सितंबर में रेड कार्नर नोटिस जारी किया गया है

**शुभम सोनी को जिम्मेदार ठहराया**

रवि उप्पल तथा सौरभ चंद्राकर ने एक बयान में महादेव ऐप और सट्टेबाजी घोटाले में शामिल होने से इनकार किया है। दोनों ने इसके लिए शुभम सोनी को जिम्मेवार ठहराया है। इसको लेकर ईडी ने यूएई में भारतीय दूतावास से शुभम सोनी का बयान लिया है। कथित सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के साथ-साथ मुंबई पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस जांच कर रही है।



### पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन ने ट्विट में यह कहा

रवि उप्पल की गिरफ्तारी के बाद रमन सिंह ने ट्विट कर कहा कि कांग्रेसी कुशासन के अंत के साथ ही अब अपराधियों के अंत की दिशा में छत्तीसगढ़ बढ़ चला है। सट्टेबाजों का संरक्षण तब तक ही था, जब तक कांग्रेस की सरकार थी।

### गिरफ्तारी हो गई

रवि उप्पल की दुबई में गिरफ्तारी हो गई है। उसे भारत लाने प्रत्यर्पण की कार्यवाही की जा रही है। महादेव सट्टा एप मामले में पूछताछ के लिए थोक में समंस जारी किए गए हैं। जिन्हें समंस जारी किए गए हैं, वे अपना बयान दर्ज कराने ईडी ऑफिस पहुंच रहे हैं।

- डॉ. सौरभ पाण्डेय, अधिवक्ता, ईडी

### दो साल से ज्यादा समय से दुबई से संचालित

महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर तथा रवि उप्पल पिछले ढाई वर्षों से दुबई में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे हैं। सुचारू रूप से सट्टा संचालित करने बड़ी संख्या में दुर्ग, भिलाई के बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का झांसा देकर दुबई ले गए। वहां से उन्हें ट्रेंड कर राज्य सहित देश के अलग-अलग राज्यों में सट्टा संचालित कराने का काम कर रहे हैं।


महादेव सट्टा एप में छह हजार करोड़ रुपए गड़बड़ी करने का कोर्ट में चालान पेश

### चार्जशीट में छह हजार करोड़ हेरफेर करने का आरोप

ईडी द्वारा कोर्ट में पेश चार्जशीट में रवि उप्पल पर आरोप लगाया गया है कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करीब 6 हजार करोड़ रुपए का हेरफेर किया है। चार्जशीट में पुलिस की मिलीभगत कर बिचौलियों के माध्यम से नौकरशाह, राजनेताओं को रिश्वत के रूप में पैसे पहुंचाने के आरोप हैं। ईडी के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा रेड कार्नर नोटिस जारी किया गया। जांच एजेंसियों ने आरोप पत्र में अदालत को बताया है कि रवि उप्पल ने प्रशांत महासागर में द्वीप वानुअतु का पासपोर्ट लिया है, लेकिन उसने भारतीय नागरिकता नहीं छोड़ी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'एनिमल' ने कमाए 757.73 करोड़



**मुंबई।** रणबीर कपूर अभिनीत एक्शन-ड्रामा फिल्म 'एनिमल' ने एक दिसंबर को रिलीज के बाद से दुनियाभर में 757.73 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई थी। फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, सुरेश ओबेरॉय हैं।

### नक्सली बताकर 60 लाख उगाही का प्रयास




**कोरापुट।** ओडिशा के रायगढ़ जिले में नक्सली बनकर 60 लाख रुपए की उगाही करने का प्रयास करने के आरोप में दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपियों ने इस महीने की शुरुआत में खुद को माओवादी बताकर व्यापारी को फोन किया था।

### जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी 29 को



**नई दिल्ली।** जनता दल (यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में होगी। इसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह सिंह ने 29 दिसंबर 2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे बैठक निर्धारित की है।

### अंतरराज्यीय अवैध शराब गिरोह का भंडाफोड़



**मंगलुरु।** मंगलुरु में आबकारी विभाग ने अंतरराज्यीय अवैध शराब गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सीमा से लगे तलपड़ी के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में एक घर से 210 लीटर स्प्रिट, 20 लीटर नकली ब्रांडी, 2.24 लीटर नकली महंगी शराब और 70 लीटर स्प्रिट ले जा रही एक इनोवा कार जब्त की गई।

### प्रसिद्ध रेडियो प्रस्तोता गंगानाथ का निधन

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध रेडियो प्रस्तोता गंगानाथ चतुर्वेदी का बुधवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। गंगानाथ चतुर्वेदी पिछले कुछ दिनों से वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। उनके परिवार में दो पुत्र एवं एक पुत्री है। गंगानाथ चतुर्वेदी 1992 में आकाशवाणी की विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने आकाशवाणी के लिए हॉकी, फुटबाल और क्रिकेट के लिए कमेंट्री की थी।

संसद हमले की बरसी पर फिर अटैक

# दर्शक दीर्घा से सांसदों के बीच दो युवक कूदे, निकाला जूता, उड़ाया धुआं, हड़कंप

- छह लोगों ने गुरुग्राम के एक घर में रची थी साजिश, पांच लोगों को किया गया गिरफ्तार (1)
- संसद पर हमले की बरसी पर शून्यकाल के दौरान हुई घटना (2)

संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर लोकसभा मे एक बार फिर सुरक्षा मे चूक हो गई। दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और केन के जरिये धुआ फैला दिया जिसके तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया। जांच मे खुलासा हुआ है कि इस साजिश मे कुल 6 लोग शामिल थे। इनमें से दो लोगों ने सदन के भीतर हंगामा किया, तो दो ने बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा एक फरार बताए जा रहे है। मामले मे पांच लोगो को गिरफ्तार किया गया है।



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा में करीब एक बजे शून्यकाल के दौरान यह घटना घटी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि लोकसभा अपने स्तर पर जांच कर रही है तथा इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो धुआं सदन में फैलाया गया था। वह साधारण ▸▸शेष पेज 4 पर

### स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

देश की संसद मे सुरक्षा चूक को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बुधवार शाम 4 बजे सभी पार्टियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने बताया कि संसद की सुरक्षा चूक को लेकर वे गृह मंत्रालय को पत्र लिखेंगे। लोकसभा स्पीकर ने सदन में हुई घटना पर चिंता व्यक्त की। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, स्पीकर ने शाम 4 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई।

### सांसदों ने आरोपियों को पकड़ा

बुधवार दोपहर करीब एक बजे दो लोग लोकसभा में दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूद पड़े और पीली गैस का स्प्रे करने लगे। इसके बाद इनमें से एक शख्स लोकसभा स्पीकर की कुर्सी की तरफ दौड़ने लगा। इन आरोपियों के सदन में कूदने के बाद वहां मौजूद सांसदों ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों आरोपियों को सदन के अंदर ही पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद आरोपी को सुरक्षाबलों के हवाले कर दिया गया।

## इधर, सियासी सरगर्मी

### खड़गे बोले-गृहमंत्री जवाब दें



*संसद की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्ष दलों ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों सदनों में गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए कहा कि बहुत ही गंभीर घटना है। इसको लेकर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि राजनीति की जा रही है।*

### कांग्रेस राजनीति कर रही



*कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस इस घटना पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, जो घटना हुई है दुखद है, ऐसे में विपक्ष का रवैया है। देश को संदेश देना चाहिए कि हम सब देश की एकता और अखंडता के लिए साथ खड़े हैं। राज्यसभा से मैसेज जाना चाहिए कि देश की ताकत इन सब से ऊपर है। सदन जरूर चलना चाहिए. कांग्रेस राजनीति कर रही है।*



### भीतर, बाहर से पांच आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों की पहचान सागर और मनोरंजन के रूप में हुई है। संसद भवन के बाहर से हिरासत में लिए गए की पहचान नीलम (42) और अमोल शिंदे (25) के रूप में हुई है। नीलम हरियाणा के हिसार की निवासी है। शिंदे महाराष्ट्र का रहने वाला है। संसद भवन के बाहर धुआं छोड़ने वाली केन खोलने के बाद दोनों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'भारत माता की जय' और 'जय भीम, जय भारत' के नारे लगाए।

### किस कार्ड से हुई किसकी एंट्री, जांच हो

संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर शिवसेना (उद्धव) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि एक चिंतित सांसद के रूप में मैंने 22 सितंबर को यह मुद्दा उठाया था, जब राज्यसभा चेंबर के दर्शक दीर्घा में भीड़ आ रही थी और वहां राजनीतिक नारेबाजी हुई थी। मैंने कहा था कि यह जांच किया जाना चाहिए कि किस सांसद के कार्ड पर इतने लोग आ रहे हैं।

### दर्शकों का प्रवेश सस्पेंड

लोकसभा में बुधवार को दो व्यक्तियों के दर्शक दीर्घा से नीचे कूदने के बाद संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश निलंबित कर दिया गया है। इस घटना के बाद आज के लिए वैध आगंतुक पास रखने वाले लोगों को स्वागत क्षेत्र से वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अब तक दर्शकों या आंगुतकों पर प्रतिबंध लगाने का कोई लिखित निर्देश नहीं आया है।

# कैश के बाद सोना निकालने सांसद के घर में होगी खुदाई

## चप्पे-चप्पे को खंगाला, अब आईटी विभाग का नया प्लान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के यहां आयकर विभाग का एक्शन हफ्तेभर से जारी है। सांसद के यहां से अब तक करीब 350 करोड़ कैश बरामद हो चुका है। आयकर विभाग को अब सांसद के यहां से सोने और महंगे आभूषण की तलाश है। इसकी छानबीन के लिए आयकर विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। आयकर विभाग की टीम घर के अंदर मिट्टी की खुदाई करने जा रही है। मंगलवार शाम आयकर विभाग की टीम जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन लेकर पहुंची। इस मशीन के जरिए ये पता लगाया जाएगा कि घर के अंदर जमीन में किसी तरह का सोना या धातु तो नहीं छिपाया गया है। अब देखना ये होगा कि जमीन के अंदर होने वाली खुदाई में सांसद के घर से सोना बरामद होता है कि नहीं। आयकर विभाग ने 6 दिसंबर को बौद्ध डिस्टलरी और इसके प्रोमोटर्स के यहां टैक्स चोरी मामले में छापेमारी शुरू की थी। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा समेत रांची के रेडियम रोड पर धीरज साहू के घर छापेमारी की थी। छापेमारी में अब तक 351 करोड़ की नकदी बरामद की जा चुकी है।

**अब तक 351 करोड़ बरामद**

### कितने करोड़ की हुई टैक्स चोरी

जानकारों की माने तो शराब का काम ज्यादातर कैश में ही डील होता है। मान लीजिए एक बोतल की कीमत 1000 रुपए है तो ट्रक में एक बार मे लगभग 50 लाख की शराब निकलती है। अगर दिन में 100 ट्रक निकलते है तो कैश का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब तक मिले कैश में से धीरज साहू और उससे संबंधित फर्म्स ने कितने करोड़ की टैक्स चोरी की है।

### कई वाहनों में पहुंची आईटी की टीम

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ओडिशा और झारखंड में पंजीकृत वाहनों में सवार होकर पहुंची आईटी कई टीम रांची और लोहरदगा में राज्यसभा सदस्य से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही हैं। साहू से संपर्क नहीं हो पाया है जबकि दिल्ली में उनके कार्यालय के कर्मचारियों ने कहा कि वह पिछले तीन दिन से उनके संपर्क में नहीं हैं।


### व्हाइट हाउस से भी निकाला जा सकता है सोना

इसके अलावा रांची से 90 किलोमीटर दूर लोहरदगा में धीरज के व्हाइट हाउस से शुरुआत में 11 करोड़ रुपए की नकदी मिली थी। यहां पर भी टीम जियो मशीन के जरिए जांच कर सकती है। आयकर विभाग की टीम को शक है कि सांसद साहू ने कैश के साथ अपने कई ठिकानों में बड़ी मात्रा में सोना छिपाया हुआ है। इसी को देखते हुए ये कार्रवाई की जाएगी।

तीन कर्मचारी सस्पेंड

# रेलवे स्टेशन पर गिरी पानी टंकी, 3 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बर्धमान रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर बुधवार को एक बड़ी पानी की टंकी गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में कम से कम दस लोगों के घायल होने की खबर है। पूर्व रेलवे जोन के अधिकारी ने बताया कि घायलों को बर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में तीन का हालत काफी गंभीर है। संयुक्त प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों पर धातु निर्मित पानी की बड़ी टंकी गिर गई।



### ओवरफ्लो होने से टूटा

स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि पानी का टैंक ओवरफ्लो हो गया था, पुराना होने की वजह से वो टूटकर गिर गया। टैंक का एक हिस्सा टूटकर शेड पर गिरा जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

विधायक दल की बैठक में भूपेश ने रखा प्रस्ताव, महंत ने किया समर्थन

# कांग्रेस विधायकों ने नेता चुनने का जिम्मा हाईकमान पर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष का फैसला अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। बुधवार को राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इसका प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन डॉ. चरणदास महंत ने किया। बैठक में पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, ऑब्जर्वर अजय माकन सहित कई नेता मौजूद थे। विधायक दल की बैठक को लेकर कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और कांग्रेस के सभी नव निर्वाचित विधायक इकट्ठे हुए। सब लोगों ने सर्व सहमति से एक लाइन में प्रस्ताव किया कि विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया जाए। उसके बाद हर विधायक से एक- ▸▸शेष पेज 4 पर




### इन नेताओं के नाम की चर्चा

*कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के लिए डा. चरणदास महंत, विधायक उमेश पटेल, कोंटा विधायक कवासी लखमा, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल का नाम सामने आया है। कांग्रेस की महिला विधायकों में अनिला भेंड़िया को वर्तमान में सबसे वरिष्ठ बताते हुए नाम आगे किया गया है।*

अजीम प्रेमजी को भी छोड़ा पीछे

# सावित्री जिंदल बनीं देश की सबसे अमीर महिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

- सावित्री की संपति में 87 प्रतिशत की बढ़ोतरी

जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, जिंदल की वर्तमान में कुल संपत्ति 25 बिलियन डॉलर है। इसी के साथ उन्होंने नेटवर्थ के मामले में विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी को पछाड़ दिया है और देश की पांचवीं सबसे अमीर शख्सियत बन गई हैं। बता दें कि विश्व रैंकिंग में बिलियनेयर्स की लिस्ट में जिंदल 61वें स्थान पर हैं जबकि प्रेमजी 66वें स्थान पर हैं।



सावित्री जिंदल ने पति की मृत्यु के बाद कंपनी का सारा कारोबार खुद संभाला और उसे देश की सबसे बड़ी कंपनियों से एक बनाया। सावित्री जिंदल की संपत्ति में 87 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि, अजीम प्रेमजी की नेटवर्थ में 42 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### पुरुषों में मुकेश अंबानी सबसे अमीर

*ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी कुल संपत्ति $92.3 बिलियन है। विश्व रैंकिंग में अंबानी 13वें स्थान पर हैं। अरबपतियों की सूची में गौतम अडानी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी कुल संपत्ति 85.3 बिलियन डॉलर है।*

### कभी कॉलेज नहीं गईं, लेकिन संभाल लिया पूरा कारोबार

*असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को सावित्री जिंदल का जन्म हुआ था। जब वे 55 साल की थीं, तब हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पति की मौत हो गई थी। उनके पति ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में मंत्री भी रहे थे।*



### भारत के टॉप 10 अमीर

1. मुकेश अंबानी
2. गौतम अडाणी
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री
4. शिव नाडर
5. सावित्री देवी जिंदल
6. अजीम प्रेमजी
7. दिलीप शांतिलाल सांघवी
8. राधाकिशन दमानी
9. लक्ष्मी मित्तल
10. कुमार मंगलम बिरला

## चिंतन

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला

संसद में बुधवार को जो हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 2001 में जब संसद पर आतंकी हमला हुआ था, उस दिन भी हमलावर आतंकी संसद के अंदर नहीं पहुंच पाए थे, उन्हें बाहर ही मार गिराया गया था, पर आज आरोपी न केवल संसद के अंदर में घुसे, बल्कि निम्न सदन के अंदर पीले धुएं वाला स्प्रे भी फैला दिया। नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही चल रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा वाले इस संसद भवन में दो लोगों का अंदर घुसना व दो लोगों का बाहर प्रदर्शन करना संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यूं तो 2001 की संसद हमले की घटना के बाद से संसद की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान अपराह्न करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से अचानक दो लोगों का सदन के भीतर कूदना, धुआं फैलाना व नारे लगाना, सुरक्षा चूक का बड़ा मामला है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है, पर आरोपी ऐसा करके जो भी संदेश देना चाहते थे, पर यह आपराधिक कृत्य है। ऐसे लोगों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कतई माफी के लायक नहीं हैं। सरकार के खिलाफ या सिस्टम के खिलाफ नाराजगी जताने का यह तरीका एकदम गलत है। लोकतंत्र में ऐसे तरीके की इजाजत नहीं है। संसद की इस सुरक्षा चूक पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए, जैसा विपक्ष कर रहा है, सरकार पर हमलावर है। राज्यसभा में विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने की मांग की है। हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संसद पर हमले की बरसी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को सांसदों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। घुसपैठियों द्वारा संसद पर हमले की बरसी का दिन चुनना आतंकी साजिश की आशंका पैदा करता है। जिस तरह से वे संसद में पहुंच गए थे, अगर कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो, क्या होता? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है, जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। आज जो आज घटना घटी है वह सरकार के लिए चिंता का विषय है। यह लोकसभा या राज्यसभा का सवाल नहीं है। सवाल है कि इतनी बड़ी सुरक्षा के बीच दो लोग कैसे घुसने में कामयाब रहे? संसद की सुरक्षा की समीक्षा होनी चाहिए। हमारे सांसद जिनको भी सदन में आने के लिए सिफारिश करते हैं, वे सतर्क रहते हुए पूरी छानबीन के बाद ही ऐसा करें। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा मामले में हम सबने देखा कि हमारे सांसद सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं। गृह मंत्रालय को संसद की सुरक्षा की त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। भविष्य में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। संसद के अंदर व बाहर किसी भी तरह के आपराधिक कृत्य अक्षम्य होना चाहिए।



एआई

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युवा बनाएंगे विकसित भारत की तस्वीर

इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता दिखाई देगा।

12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैश्विक साझेदारी' (जीपीएआई) पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। ऐसे में भारतीय युवाओं में शीघ्र ही एआई कम्प्यूटरिंग क्षमता को बढ़ाने का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत देशभर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का इस्तेमाल टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में युवाओं को एआई कौशल सिखाने में भी होगा। इससे देश की नई पीढ़ी स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ाते हुए मानवीय मूल्यों के साथ देश के तेज विकास के लिए आगे बढ़ेगी।

इसी तरह 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के राजभवनों में आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि यह भारत का अमृतकाल है और भारत के इतिहास का ऐसा कालखंड है जब देश की नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मुट्ठी में लेकर लंबी छलांगें लगाते हुए 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार कर सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से 10 दिसंबर को देश के विकास पर एक परिपत्र जारी करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास, समग्र शिक्षा, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया और उच्च व तकनीकी शिक्षा के विस्तार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे भारत डिजिटल कौशल से सुसज्जित नई पीढ़ी और तेज आर्थिक विकास के दम पर 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनते हुए विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकेगा। यकीनन इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जहां देश अपने पास दुनिया की सर्वाधिक 6.5 फीसदी विकास दर रखते हुए रोजगार के नए अवसर निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय कुशल श्रमिकों, डॉक्टरों और छात्रों ने ब्रिटेन की वीजा सूची में अपनी ऊंचाई कायम रखी है। जुलाई 2022 से जून 2023 के एक वर्ष में सबसे ज्यादा



भारतीयों को ही ब्रिटेन का वीजा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 के बीच भारतीयों को स्किल्ड वर्कर्स वीजा में करीब 63 फीसदी की बढ़ोतरी सामने आई है।

इसी तरह हाल ही में प्रकाशित ब्लूमबर्ग की नई रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार ने एक लाख भारतीयों युवाओं को इजराइल में नौकरी के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। इसी तरह भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता अतिशीघ्र ही होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ताइवान ने इस परिप्रेक्ष्य में भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। इन दिनों पूरी दुनिया में अर्थविशेषज्ञ एवं जनसंख्या विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत चीन की तरह अपनी युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं नए दौर के डिजिटल कौशल से सुसज्जित कर दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है। जबकि दूसरे स्थान पर चीन की इस रिपोर्ट के मुताबिक युवा आबादी के मामले में भारत की स्थिति चीन से अच्छी है। जहां इस समय भारत की करीब 50 फीसदी आबादी 25 साल में कम उम्र की है। वहीं 25.4 करोड़ आबादी 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में है। भारत की 66 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से भारत के ये आर्थिक आधार विकसित भारत की संभावनाओं के आधार हैं। विकसित देश बनने के लिए 2047 तक लगातार 7 से 8 फीसदी की दर से बढ़ना होगा।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# सवालों में संसद की सुरक्षा

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था। क्योंकि आज से 22 बरस पहले आतंकियां द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, कल गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना हो कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न लें। आरोपियों की बुनी साजिश के जड़ तक जाना होगा? क्या उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है, लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ है कि साजिश की तासीर बहुत कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पर लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती हैं। संसद की एक-एक ईट पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। पीला धुआं फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे, क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र के आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को धता बताकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुर्सियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। शुरुआती पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था, 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य सभी आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों से अभेद है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं, लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं। उनकी आशंकाओं को ध्यान में रखकर भी जांच करनी चाहिए, इसके अलावा उसी वक्त बाहर भी एक युवती-युवक ने भी तानाशाही से आजादी के नारे लगा थे उनसे भी कड़ाई से पूछताछ हो? देशवासियों में ये संदेश बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए कि जब संसद ही सुरक्षित नहीं तो वो भला कैसे सुरक्षित होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

*-स्वामी विवेकानंद*

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित

प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तेवर पर लगाम जरूरी

कोर्ट के फैसले ने तो जम्मू कश्मीर और भारत के बीच संवैधानिक संबंध को धार देने का फैसला किया है राष्ट्रपति के इस विशेषाधिकार फैसले को केंद्र की जीत बताई है और केंद्र ने संविधान के दायरे में रखकर कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की पीठ थपथपाई है। पाकिस्तान नैरेटिव फैलाने की कोशिश करने वाले घाटी में अनेक पत्रकार है। लिहाजा,आतंकवादी ताकतों को नाराज कर खुद को जोखिम में नही डाल सकते है। मोदी सरकार की वैधानिकता पर सुप्रीम की मोहर से कश्मीर गुलजार हो गया है। कश्मीरियों को जितनी खुशी हुई है शायद किसी को नही हुई होगी। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। संसद में दो विधेयक पेश कर पीओके की सीट नामित की गई है। 370 इस समय की कश्मीर के लिए और अवाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉन आंध्र' का होगा विस्तार



अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी द्वारा संचालित अपनी तरह के पहले विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का विस्तार किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय भारतीय नृत्यों और भाषाओं में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अब विश्वविद्यालय अपने परिसर मे विस्तार कर रहा है जहां एक मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय मानक का क्रिकेट स्टेडियम होगा और कृत्रिम मेधा जैसी उन्नत तकनीकों में नए पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। अमेरिकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का वर्तमान मे मिलपिटास, कैलिफोर्निया मे मुख्य परिसर है। वर्तमान मे, यह विश्वविद्यालय छह 'मास्टर ऑफ आर्ट्स', पांच डिप्लोमा और पांच प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रदान करता है। अभी इसमें 230 छात्र हैं, जो 2017 के बाद से हुई छात्रों की संख्या मे अच्छी-खासी वृद्धि है। शुरुआत मे इसमें 44 छात्र थे। 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' के अध्यक्ष आनंद कुचिभोटला ने हाल में एक साक्षात्कार में बताया, बहुत से लोग विश्वास नहीं कर सकते कि एक विश्वविद्यालय है जो भारतीय कला और भाषाओं में स्नातक कार्यक्रम प्रदान करता है ... शुरू मे, हमारे यहां केवल अमेरिका से छात्र थे, लेकिन अब यहां भारत, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और दुबई से भी छात्र हैं।

## ऑफ बीट

### सोशल मीडिया दुष्प्रचार क्या है, हर व्यक्ति इसमें फंसा



सूचना युद्ध हर ओर चल रहा है, और ऑनलाइन मौजूद हर व्यक्ति इसमे फंसा है, चाहे वह इसे जानते हों या नहीं। दुष्प्रचार जानबूझकर उत्पन्न की गई भ्रामक सामग्री है जिसे स्वार्थी या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों से फैलाया जाता है। गलत सूचना के विपरीत, जिसे अनजाने में या अच्छे इरादों के साथ साझा किया जा सकता है, गलत सूचना का उद्देश्य अविश्वास पैदा करना, संस्थानों को अस्थिर करना, अच्छे इरादों को बदनाम करना, विरोधियों को बदनाम करना और विज्ञान और पत्रकारिता जैसे ज्ञान के स्रोतों को अवैध बनाना हो सकता है। कई सरकारें दुष्प्रचार अभियानों में संलग्न हैं। उदाहरण के लिए, रूसी सरकार ने यूक्रेन विरोधी प्रचार पर ध्यान आकर्षित करने के लिए मशहूर हस्तियों की छवियों का उपयोग किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने 30 नवंबर, 2023 को चेतावनी दी कि चीन ने अपने गलत सूचना अभियान को तेज कर दिया है। दुष्प्रचार कोई नई बात नहीं है, और अमेरिका सहित कई देशों द्वारा सूचना युद्ध का इस्तेमाल किया गया है। लेकिन इंटरनेट दुष्प्रचार अभियानों को अभूतपूर्व पहुंच प्रदान करता है। विदेशी सरकारें, इंटरनेट ट्रोल, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय चरमपंथी, अवसरवादी मुनाफाखोर और यहां तक कि भुगतान वाली दुष्प्रचार एजेंसियां भी संदिग्ध सामग्री फैलाने के लिए इंटरनेट का फायदा उठाती हैं।

## ट्रेंड

### मेडिकल रिस्पांस सिस्टम तैयार



आज के भारत ने सबसे कम दामों में, सबसे उपयुक्त आपातकालीन मेडिकल रिस्पांस सिस्टम-भीष्म तैयार कर लिया है। यह एक ऐसी संकल्पना है जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति मे कम समय मे कम कीमतों पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सक्षम है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### सड़कों पर नरसंहार रोको



सड़कों पर प्रति मिनट 2 से अधिक मौते होती हैं। हमारी सड़कों पर नरसंहार रोका जा सकता है। हम सभी देशों से सड़क सुरक्षा के केंद्र में कारों के बजाय लोगों को रखने का आह्वान करते है।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### बयान दें गृहमंत्री



आज संसद में जो सुरक्षा में चूक हुई है वह गंभीर मामला है। हम मांग करते है कि गृह मंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें। ये प्रश्न है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कैसे दो लोग अंदर आए और गैस छोड़ी है?

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### शक्तिशाली आर्थिक रणनीति




विकसित भारत हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक शक्तिशाली आर्थिक रणनीति है। एक विचार अर्थव्यवस्था जो तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे सामने आने वाली असंख्य चुनौतियों का समाधान करती है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# अयोध्या में राम मंदिर की बढ़ेगी भव्यता

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो जाएंगे। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। रामनगरी अयोध्या धर्म पथ भी बनाया जा रहा है। यहां मंदिर के प्रवेश द्वार के शीर्ष पर सूर्यदेव विराजमान होंगे।

# बन रहा धर्म पथ, प्रवेश द्वार पर विराजेंगे रथ पर सवार सूर्यदेव

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

रामायण के प्रसंग जीवंत करती दीवारें एवं हरियाली से आच्छादित डिवाइडर के साथ इस मार्ग का प्रवेश द्वार भी काफी आकर्षक होगा। रथ पर सवार सूर्यदेव प्रवेश द्वार के शीर्ष पर विराजमान होंगे। फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक(एफआरपी) से निर्मित सूर्यदेव की अनुकृति भी यहां पहुंच गई हैं। एफआरपी का वजन कम होता है, लेकिन यह बहुत मजबूत होती है। दीवार पर रामायण के प्रसंग उकेरने एवं सूर्यदेव की प्रतिमा युक्त प्रवेश द्वार का निर्माण विकास प्राधिकरण कराएगा।

**9 मीटर चौड़ा फोरलेन**

सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में फोरलेन वाले इस मार्ग को भविष्य में आठ लेन का किया जाना भी प्रस्तावित है। लोक निर्माण विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव बना लिया गया है, जिस पर शासन को निर्णय लेना है। विस्तार के बाद धर्मपथ रामनगरी का पहला आठ लेन वाला प्रमुख मार्ग होगा। धर्म पथ पर वाहनों के आवागमन के लिए नौ-नौ मीटर चौड़े फोरलेन मार्ग है। नए प्रस्ताव में इन मार्गों के दोनों ओर सात-सात मीटर चौड़े मार्गों के निर्माण की योजना है। लोनिवि से जुड़े एक अभियंता के अनुसार धर्म पथ के विस्तार से जुड़ी इस योजना के पीछे प्रशासन की मंशा भविष्य में वाहनों का दबाव बढ़ने एवं मेला आदि जैसे अवसरों पर यातायात को निर्बाध बनाए रखने की है।

**22 जनवरी को रामलला विराजमान हो जाएंगे भव्य मंदिर में**



## विकसित हो रहा है वीवीआईपी मार्ग

धर्म पथ को राममंदिर तक पहुंचाने वाले वीवीआईपी मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग एवं विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से इस मार्ग का कायाकल्प कर रहे हैं। एनएच-27 पर रामघाट होते हुए लता चौक तक दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग को आकर्षण बनाने के तमाम प्रबंध किए जा रहे हैं।

### इनकी देखरेख में हो रहा है काम

लोनिवि प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता वीके तिवारी और अवर अभियंता कृष्णा निषाद की देखरेख में मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले इस मार्ग पर निर्माण एवं सुंदरीकरण से जुड़े कार्य पूर्ण लिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### राउत पर लगा राजद्रोह का आरोप, एफआईआर दर्ज



**यवतमाल।** यवतमाल पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ देशद्रोह और अन्य अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, संजय राउत पर शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखने का आरोप लगाया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने पर संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है।

### असम : नगा उग्रवादी नेता की गोली मारकर हत्या



**सिलचर।** असम-मणिपुर सीमा के पास आंतरिक विवाद को लेकर एक नगा उग्रवादी नेता की उसके संगठन के एक सदस्य ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना असम के कछार जिले के जिरिंगघाट इलाके में हुई, जहां मृतक कुछ समय से अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहा था।

### ईडी ने जब्त किए बैंकों के 64,920 करोड़



**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड़ ने बताया कि ईडी ने बैंकों के 64,920 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। वहीं, बैंकों के खिलाफ 1105 मामले दर्ज किए गए हैं और अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 10 सरकारी बैंकों ने एनएआरसीएल को 11,617 करोड़ से अधिक के बुरे फंसे कर्ज हस्तांतरित किए गए हैं। बता दें, एनएआरसीएल वाणिज्यिक बैंकों की तनावग्रस्त संपत्तियों को संभालने और उनका निपटान करने के लिए बनाई गई संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी है।

संसद में बुधवार को हुई है घुसपैठ, मेन गेट से नदारद थे सुरक्षाकर्मी

# संसदीय सुरक्षाकर्मियों से यूं हुई एक के बाद एक भारी चूक, कई नपेंगे

संसद परिसर में हमले के बाद संसद के गर्भगृह में जहां तमाम सांसद बैठते हैं, संसदीय कार्यवाही चलती है, दर्शक दीर्घा से दो दर्शकों की कूदने की घटना इतिहास के स्याह पन्ने में दर्ज हो गई। संसद के अंदर और बाहर से गिरफ्तार से अलग अलग प्रांतों के युवाओं ने आखिर ऐसी प्लानिंग क्यों की? आखिर उनका मसौदा क्या था?

शिशिर सोनी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा की पंद्रह फिट ऊपर की दर्शक दीर्घा से बतौर दर्शक आए यूपी के सागर शर्मा और मैसूरू के डी. मनोरंजन आखिर नीचे कूदने में सफल कैसे हो गये, जब कि दर्शक दीर्घा की प्रथम पंक्ति में दर्शकों को बैठने की इजाजत नहीं!

संसदीय सुरक्षा से जुडे वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लंबे समय से सिक्योरिटी स्टाफ की भर्ती नहीं होने से मैनपॉवर बहुत कम हुए हैं। रिटायमेंट के बाद नई बहाली हो नहीं रही जब कि नई संसद बनने के बाद दर्शकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ससंदीय सुरक्षा से जुडे उक्त वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद हजारों महिलाओं को अलग अलग सांसद लेकर संसद पहुंच गये।

**खास बातें**

- इस गंभीर घटना के लिए जिम्मेदारी तय होना बहुत जरूरी
- सदन में मौजूद थे बड़ी संख्या में सांसद



### उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

भारत के उप राष्ट्रपति एवं सभापति, राज्य सभा जगदीप धनखड़, प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी; एवं लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्र ने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पेन, पेंसिल तक बाहर रहता है तो स्मोक गन कैसे पहुंचा?

संसदीय सुरक्षाकर्मी दर्शकों की तरफ मुंह कर चौकन्ने हो कर खडे रहते हैं। किसी दर्शक ने टांग पर टांग रख ली या उसकी बॉडी लैंग्वेज भी गलत हो गई तो तुरंत सुरक्षाकर्मी टोकते हैं। पेन, पेंसिल, घड़ी तक बाहर रखना पडता है तो फिर अपनी सीट से उठकर नीचे, लोकसभा के गर्भगृह में कूदने में दोनों सफल कैसे हो गये? स्मोक-गन के साथ आखिर दोनों तमाम तरह के सुरक्षा घेरे को धता बताते हुए कैसे दर्शक दीर्घा तक पहुंचने में सफल हो गये?

### पास की अवधि खत्म होने के बाद भी दोनों कैसे बैठे रहे?


सबसे बडा सवाल ये कि दोनों के पास सुबह 11 बजे से 12 बजे तक के लिए ही बनाये गये थे तो एक घंटा अतिरिक्त यानि दोपहर के 1 बजे तक दोनों दर्शक दीर्घा में कैसे बैठे रह गये? जब कि दीर्घा में मौजूद सुरक्षाकर्मी पास की समय सीमा खत्म होने के कुछ मिनट पहले ही संबंधित दर्शकों को दीर्घा से बाहर जाने का निर्देश देते हैं!

### वरिष्ठ आईपीएस के नेतृत्व में फेल कैसे हुई संसदीय सुरक्षा?

ये सब ऐसे सवाल हैं जिनसे घटना के बाद से ही संसदीय सुरक्षातंत्र सहित दिल्ली पुलिस के आला अफसर जूझ रहे हैं। हर कोण से जांच की जा रही है। संसदीय सुरक्षा व्यवस्था केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के वरिष्ठ आईपीएस अफसर के नेतृत्व में चाकचौबंद की जाती रही है। संसदीय परिसर के भीतर संसद के अपने सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं जब कि बाहर दिल्ली की पुलिस की पहरेदारी होती है। दिल्ली पुलिस के पास संसद या उसके आसपास कुछ गडबडी की इनपुट्स थी फिर भी संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह उपद्रवी कैसे पहुंचे?

**विपक्ष को मिला औजारः** बहरहाल, इस घटना के बाद कई जिम्मेदारी अधिकारी नपेंगे। संसद के भीतर हुई इस घुसपैठ से विपक्ष को नया राजनीतिक औजार मिल गया है। विपक्षी दल के नेता दोनों सदनों की नेता, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिलकर अपनी व्यथा बतायेंगे।

# गाजा में युद्धविराम का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारी बहुमत से पारित



एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी बहुमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें गाजा में युद्धविराम की मांग की गई। संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य राष्ट्रों में से प्रस्ताव के पक्ष में 153 ने वोट दिए, इसमें भारत भी शामिल रहा। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल सहित दस देशों ने विरोध में मतदान किया, जबकि 23 देशों ने मतदान नहीं किया। महासभा में मतदान वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार सुरक्षा परिषद के बार-बार ऐसा आह्वान करने में विफल रहने के बाद हुआ। शुक्रवार को इजराइल के सबसे शक्तिशाली सहयोगी और सुरक्षा परिषद के केवल पांच स्थायी सदस्यों में से एक संयुक्त राज्य अमेरिका ने युद्धविराम के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल किया था। संयुक्त राष्ट्र में मिस्र के राजदूत ने कहा कि इजराइल और हमास के उग्रवादियों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद परिषद को बोलने में एक महीने से अधिक समय लग गया और उसने कमजोरों के साथ ऐसा किया।

- भारत सहित 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

### गुटेरेस की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा पट्टी में सार्वजनिक व्यवस्था के पूरी तरह से नष्ट होने की चेतावनी दी है। कई देशों और मानवाधिकार संगठनों ने पिछले शुक्रवार को सुरक्षा परिषद की विफलता की निंदा की, और गुटेरेस ने रविवार को परिषद के अधिकार और विश्वसनीयता को कमजोर बताया। "हम सहमत हैं कि गाजा में मानवीय स्थिति गंभीर है" संयुक्त राष्ट्र में वॉशिंगटन की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने मंगलवार के मतदान से पहले कहा। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजराइल की बमबारी में 18,400 से अधिक फलस्तीनी अब तक मारे गए हैं।

## बढ़ सकती है भाजपा विधायकों की परेशानी

# 'राष्ट्रगान अपमान' मामले में अपील कर सकेगी सरकार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायकों पर दर्ज प्राथमिकी पर कार्रवाई के मामले में राज्य सरकार अब हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अपील कर सकेगी। राष्ट्रगान के कथित अपमान मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर कलकत्ता हाईकोर्ट की दो जजों की पीठ ने बुधवार को कहा, 20 दिसंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने राज्य सरकार को अपील की प्रतियां प्रतिवादियों को मुहैया कराने का निर्देश भी दिया। पुलिस की नोटिस के बाद भाजपा विधायक शंकर घोष और अन्य नेताओं ने विधायकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की अपील की थी। उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने 7 दिसंबर को एफआईआर पर कार्यवाही करने से रोक लगा दी थी। एकल पीठ ने 17 जनवरी तक अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा था, यह बहस का विषय है कि क्या किसी भी समूह की नारेबाजी के बीच राष्ट्रगान गाना अपेक्षित मर्यादा के खिलाफ है? इस बात पर भी विचार किया जाएगा कि क्या आरोपों पर संबंधित कानून के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है? भाजपा विधायकों के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के अनुसार, इन लोगों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### भाजपा नेताओं पर आरोप



कोलकाता पुलिस ने पांच भाजपा विधायकों को एक शिकायत पर नोटिस भेजा था। इन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पिछले महीने पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में राष्ट्रगान गाए जाने के दौरान उसका अपमान किया था। टीएमसी के विधायकों ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाए थे।

आयुर्वेद से आयुष्मान | रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मुझे शौच की जगह पर मस्से हो गए हैं। शौच के समय बहुत पीड़ा होती है। -एक पाठिका, इन्दौर.**
उ. आहार में तरल पदार्थों की कमी व कम मात्रा में पानी पीने की वजह से भी यह समस्या हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम पानी के साथ ३ से ४ माह तक सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरे पुत्र का शारीरिक विकास औसत ही है, उसकी समस्या हेतु उपचार बताएं। -उपेन्द्र, सतना.**
उ. वैसे देखें तो शारीरिक विकास वंशानुक्रम पर निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया सुचारू कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु उन्हें रतन्स 'हाईटॉप' सिरप दे सकते हैं। साथ ही एरोबिक्स, रस्सी कूद एवं ताड़ासन नियमित करवाएं।

**प्र. कृपया शरीर को उचित आकर्षण प्रदान करने का उपाय बताएं। -एक पाठिका, म.प्र.**
उ. आप रतन के 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल से दिन में दो बार मालिश कर सकते हैं। चाहें तो 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स भी दूध के साथ तीन माह सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरा पुत्र नींद में बिस्तर गीला कर देता है। -सुभाष, मण्डला.**
उ. उन्हें आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम सेवन करवा सकते हैं। साथ ही उनका आत्म-विश्वास बढ़ाने की कोशिश करें।

**प्र. मेरी आयु ३८ वर्ष है, सिर धोते समय मेरे बाल बहुत टूटते-गिरते हैं। उपाय लिखें। -कृति, दमोह.**
उ. बालों को स्वस्थ रखने के लिए आप रतन का आयुर्वेदिक औषधि तत्वों से युक्त 'केश वरदान' हेयर रिवाइटलाइजर तेल नियमित रूप से प्रयोग कर सकते हैं। इस तेल से बालों की जड़ों में नियमित रूप से मालिश कर सकते हैं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है, दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.




ratan ayurvedic
Ratan's सुडोल
बॉडी टोनर जैल
आयुर्वेदिक औषधि
Unique ID : MP25D/17/564/A/23/163
HELPLINE 77728-77722
प्रमुख आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध.
Buy online: www.ratanayurvedic.com
Dec-2

# गगनयान मिशन के लिए खुद का ईसीएलएसएस विकसित कर रहा इसरो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन 'गगनयान' के लिए पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली (ईसीएलएसएस) को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने बुधवार को यह जानकारी दी। गननयान परियोजना में परिकल्पना की गई है कि मानव चालक दल को चार सौ किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च किया जाएगा और फिर उन्हें भारतीय समुद्री जल क्षेत्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लाया जाएगा। इसे 2025 में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

- एस सोमनाथ बोले- अन्य देशों से नहीं मिली मदद

वह गोवा के विज्ञान, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डोना पाउला में आयोजित कार्यक्रम मनोहर पर्रिकर विज्ञान महोत्सव 2023 के पांचवें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने अब ईसीएलएसएस को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम अपने पास मौजूद ज्ञान का उपयोग करके और हमारे पास मौजूद उद्योगों का इस्तेमाल करके भारत में इसे विकसित करने जा रहे हैं।

### 'कोई भी देश ईसीएलएसएस हमें देने के लिए तैयार नहीं'

सोमनाथ ने कहा, हमारे पास पर्यावरण नियंत्रण जीवन समर्थन प्रणाली विकसित करने का कोई अनुभव नहीं है। हम केवल रॉकेट और उपग्रह डिजाइन कर रहे थे। हमने सोचा था कि यह ज्ञान अन्य देशों से आएगा। लेकिन, दुर्भाग्य से इतनी चर्चा के बाद कोई भी इसे (ईसीएलएसएस) हमें देने के लिए तैयार नहीं है।

भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
भारतीय जन औषधि परियोजना

जन औषधि केंद्रों पर कम-से-कम 75% डिस्काउंट पर सस्ती और अच्छी दवाई

मोदी सरकार की गारंटी



"कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में हजारों जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इनसे न केवल गरीबों को बल्कि मध्यम वर्ग को भी बहुत फायदा हुआ है।"
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

और अब जन औषधि केंद्रों से स्व-रोजगार के अवसर भी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू हुए देशभर में 25 हज़ार जन औषधि केंद्रों के अभियान के तहत देश के हर जिले में
जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित हैं

आवेदक ध्यान दें
कम-से-कम 120 वर्ग फीट की दुकान की आवश्यकता
अब 1 कि.मी. की दूरी के बीच दो जन औषधि केंद्र खोले जा सकते हैं (पहले 1.5 कि.मी. की दूरी का प्रावधान था)
कोई भी व्यक्ति, संगठन, एनजीओ, मेडिकल कॉलेज, सरकारी अस्पताल, पैक्स/सहकारी संगठन आवेदन कर सकते हैं
जन औषधि केंद्र चलाने के लिए फार्मासिस्ट (बी. फार्मा/डी. फार्मा) की उपलब्धता अनिवार्य है

परियोजना की प्रमुख विशेषताएं
जन औषधि केंद्र संचालकों को ₹ 5 लाख तक की वित्तीय सहायता
महिला उद्यमी, दिव्यांग, एससी/एसटी, भूतपूर्व सैनिक, उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों, द्वीप समूहों एवं 112 आकांक्षी जिलों में ₹ 2 लाख की अतिरिक्त वित्तीय सहायता
सभी दवाइयों पर 20% तक का मार्जिन

अधिक जानकारी/ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट www.janaushadhi.gov.in पर जाएं या टोल फ्री हेल्पलाइन 1800 180 8080 पर कॉल करें या स्कैन करें

## जैकेट के शेष

### पेंड्रा के पंडित स्वामी ....

पेंड्रा निवासी पंडित स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य सहित पांच पुरोहितों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का राजतिलक कराया। विष्णुदेव साय का राजतिलक पेंड्रा निवासी पंडित स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य और पंडित रावेंद्र शुक्ला सहित पांच पुरोहितों के माध्यम से संपन्न हुआ। इसके बाद सीएम शपथ समारोह में शामिल हुए और मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सीएम हाउस रायपुर में मौजूद स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य ने बताया कि विष्णुदेव साय अब प्रदेश के सीएम हैं। उनके शपथ ग्रहण के पहले भगवान गौरी गणेश की पूजा हवन के बाद राज तिलक किया गया है। पूजा के बाद विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए भगवान से आशीर्वाद लिया।

### नई सरकार का ....

नितिन नवीन, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भाजपा के सभी विधायक उपस्थित थे।

**जगन्नाथ मंदिर और घर में की मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना** : मुख्यमंत्री के दायित्व के लिए शपथ लेने से पहले मुख्यमंत्री श्री साय ने सुबह को पहले जगन्नाथ मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। इसके बाद अपने घर में स्थित पूजा घर में देवी देवताओं के दर्शन किए और पूजा में हिस्सा लिया। साथ ही उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी का आशीर्वाद भी लिया। श्री साय ने रायपुर स्थित निवास पर देवी-देवताओं की पूजा की। मुख्यमंत्री ने अपने परिजनों के साथ पूजा में हिस्सा लिया। उनके साथ पूजा में उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने नवग्रह पूजा के साथ ही अनुष्ठान भी किया। इसके बाद स्वस्तिवाचन हुआ। पूजा के बाद विधि विधान से हवन किया गया। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व जगन्नाथ मंदिर में भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर परिवार की सुख समृद्धि की कामना भी की।

### संतों के लिए ....

गया था। इसमें जांजगीर-चांपा के रामनामी संप्रदाय से लेकर सभी पंथ के साधकों को भी आमंत्रित किया गया। साधु संतों की उपस्थिति ने वातावरण को गरिमामय कर दिया। इससे छत्तीसगढ़ के धार्मिक-सांस्कृतिक वातावरण की विविधता और संपन्नता भी अपनी पूरी भव्यता से सामने आई।

### मंत्रालय पहुंचकर पदभार ....

श्री साय के मंत्रालय पहुंचने पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

### विष्णु कैबिनेट का ....

कैबिनेट का विस्तार अब विधानसभा सत्र के बाद होगा। भाजपा सरकार पहले विधानसभा का सत्र बुलाकर विधायकों को शपथ दिलाने का काम करेगी। खुद मुख्यमंत्री ने भी कह दिया है कि कैबिनेट के विस्तार के लिए इंतजार करें। इधर राज्यपाल भी दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। उनका राष्ट्रपति से मिलने का कार्यक्रम है। उनकी वापसी की तिथि भी अभी तय नहीं है। इससे तय है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व कैबिनेट के विस्तार को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। मंत्रिमंडल के संभावित दावेदारों को लंबा इंतजार करना होगा।

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण के पहले इस बात को लेकर लगातार चर्चा रही कि उनके साथ मंत्रिमंडल का भी शपथ ग्रहण होगा, लेकिन अंत में मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप नहीं दिया गया और मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों अरुण साव और विजय शर्मा को शपथ दिलाई गई। इसके बाद अब मंत्रिमंडल को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि इसका गठन कब होगा। हरिभूमि को भाजपा के सूत्रों ने खास जानकारी देते बताया है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व कैबिनेट के विस्तार को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता।

**इंतजार करते रहे दिग्गज** : मंत्रिमंडल में स्थान पाने के दावेदारों का अब इंतजार लंबा हो गया है। एक दिन पहले यह कहा जा रहा था कि शपथ ग्रहण वाले दिन सुबह को दावेदारों को फोन करके बताया जा सकता है कि उनका नाम मंत्रिमंडल की सूची में है, लेकिन शपथ ग्रहण में मंत्रिमंडल का गठन ही टाल दिया गया। अब कैबिनेट का विस्तार कब तक होगा, यह अभी तय नहीं है।

**विभागों का होगा बंटवारा** : कैबिनेट का विस्तार अभी नहीं होगा, इसलिए मुख्यमंत्री के साथ ही दो उपमुख्यमंत्रियों के बीच में जरूरी विभागों का बंटवारा हो जाएगा और इसी के साथ काम प्रारंभ हो जाएगा। जब बाद में कैबिनेट का विस्तार होगा, तो विभागों का बंटवारा नए सिरे से होगा।

**चौंका सकती है भाजपा** : भाजपा ने जिस तरह से चौंकाने वाले फैसले किए हैं और छत्तीसगढ़, मप्र और राजस्थान में नए चेहरों को मुख्यमंत्री बनाया है, उससे यह भी संभावना है कि कैबिनेट के विस्तार में भी चौंकाने वाले फैसले हो सकते हैं। जिन पुराने विधायकों को दावेदार माना जा रहा है, उनका नाम कट भी सकता है।

### विधानसभा सत्र ....

जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल का नाम सामने आ रहा है। इस प्रक्रिया में हफ्ते से दो हफ्ते का वक्त लग सकता है।

### अभिभूत हुए विष्णु...

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पधारे यह सौभाग्य था। समारोह में आए सभी का आभार व्यक्त करना चाहेंगे। हजारों की संख्या में जनता भी आई। भाजपा पर बड़ा विश्वास कर जीत दिलाई है। प्रथम दिवस था और विधिवत पूजा अर्चना कर काम शुरू किए हैं। आज कोई अधिकारिक निर्णय नहीं हुआ है।

### नक्सली हमले में ....

बटालियन के जवान कमलेश साहू शहीद हो गए तथा आरक्षक विनय कुमार घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमदई घाटी क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने विस्फोट किया और जवानों पर गोलीबारी भी की जिसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

**अनुच्छेद 370 विवाद में कूदे मुस्लिम देश**

# ओआईसी ने पाकिस्तानी सुर में सुर मिलाया, उगला जहर

एजेंसी ▸▸ रियाद



भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 370 को जम्मू-कश्मीर से हटाने के फैसले को सही ठहराने के बाद पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार बौखला गई है। पाकिस्तान सरकार ने इस मामले को इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) देशों के साथ उठाया है। अब इस्लामिक देशों का यह संगठन ओआईसी भी अनुच्छेद 370 विवाद में कूद पड़ा है। ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 370 को लेकर दिए फैसले पर 'चिंता' जताई है। सऊदी अरब की अगुवाई वाले ओआईसी के महासचिव के कार्यालय ने एक बयान जारी करके कहा है कि भारत एकतरफा उठाए गए सभी कदमों को वापस ले।

एक्स पर पोस्ट किए गए अपने बयान में ओआईसी ने कहा, 'ओआईसी महासचिव कार्यालय भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त करता है जिसमें भारत सरकार के 5 अगस्त 2019 को एकतरफा उठाए गए कदमों को सही ठहराया गया है। इसके तहत जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म कर दिया गया।' ओआईसी ने इस्लामिक शिखर सम्मेलन और ओआईसी विदेश मंत्रियों की परिषद के प्रस्तावों में फैसलों को भी साझा किया है। गाजा पर कुछ नहीं कर पाने वाले ओआईसी ने कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने का ढोंग किया।

### चीन ने भी दिया है भारत को ज्ञान

ओआईसी ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुरूप किया जाए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया था कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला संविधान के मुताबिक है। भारतीय सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद पाकिस्तान की सरकार बौखला गई थी। पाकिस्तान की सरकार ने कहा था कि वह भारत के सुप्रीम कोर्ट और संविधान को नहीं मानता है और फैसले को खारिज करता है। वहीं चीन ने भी इस फैसले पर आपत्ति जताई थी और भारत को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक इसका समाधान करना चाहिए। पाकिस्तान ने इस पूरे मामले को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी उठाया था। इस पर पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया था।

### ओआईसी के बयान पर भारत सख्त, गलत इरादे वाला कहा

जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को भारत ने खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस संबंध में बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को खारिज करता है। यह गलत सूचना और गलत इरादे वाला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के ओआईसी के फैसले पर प्रतिक्रिया दी।

### कल आया था ओआईसी महासचिव का बयान

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को ओआईसी के जनरल सेक्रेटेरिएट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने को लेकर भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बयान दिया था। इतना ही नहीं इस्लामिक सहयोग संगठन के महासचिव ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ अपनी एकजुटता की भी पुष्टि की थी।

## पेज एक के शेष

### महादेव सट्टे का बड़ा...

लांड्रिंग होने के आरोप में ईडी ने छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में ईडी ने महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों के 417 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की है।

**टायर बेचते बना सट्टा किंग** : गौरतलब है कि जांच एजेंसियों के शिकंजे में आए रवि उप्पल भिलाई की सुपेला दक्षिण गंगोत्री में टायर की दुकान चलती थी। इसके साथ वह नलकूप खनन का कार्य भी किया करता था। रवि के पिता भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़े पद पर थे, जो अब सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने काफी पैसे एकत्र कर रखे थे। रवि अपने आपको चर्चित तथा बड़ा आदमी साबित करने जगह-जगह आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पैसे दिया करता था।

**कइयों को पूछताछ करने नोटिस** : महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के अफसरों ने एक बार फिर से पुलिस अफसरों के साथ कई माननीयों को नोटिस भेजे जाने की जानकारी दी है। पूर्व में ईडी ने जिन पुलिस अफसर तथा नेताओं को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था, उन्होंने चुनावी व्यस्तता का हवाला दिया था।

### दर्शक दीर्घा .से सांसदों...

था और इसको लेकर चिंता वाली कोई बात नहीं है। सदन में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की पहचान सागर शर्मा के रूप में हुई है। दूसरे व्यक्ति की पहचान मनोरंजन नामक व्यक्ति के रूप में की गई है। बसपा के लोकसभा सदस्य दानिश अली ने कहा कि इस व्यक्ति का पास मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की अनुशंसा पर बना था। संसद की सुरक्षा में चूक की यह घटना 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन हुई है। सदन में शून्यकाल के दौरान दोपहर करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से दो व्यक्ति सदन में कूदे और इनमें से एक व्यक्ति एक मेज से अगली मेज पर तेजी से कूदते हुए आगे की ओर भाग रहा था। इन लोगों ने केन से सदन में धुआं फैला दिया सुरक्षाकर्मियों और कुछ सांसदों ने इन्हें घेर लिया। बाद में दोनों को पकड़ लिया गया। घटना के तत्काल बाद पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर बिरला ने सदस्यों से कहा, जो घटना शून्यकाल के दौरान हुई थी उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है। इस संदर्भ में दिल्ली पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, आरंभिक जांच से पता चला कि वह साधारण धुआं था। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और कई सदस्यों ने सुरक्षा में चूक की इस घटना को लेकर चिंता जताई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुरक्षा में चूक की इस घटना के बाद अपराह्न चार बजे सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। घटना के समय बैठक का संचालन कर रहे पीठासीन सभापति अग्रवाल ने संसद भवन परिसर में बताया, हमें ऐसा लगा कि जैसे एक व्यक्ति गिर गया। फिर देखा तो एक व्यक्ति कूद रहा था। फिर ध्यान में आया कि दोनों कूदे होंगे। एक व्यक्ति ने जूते से कुछ निकालकर धुआं फैलाया। इसके बाद इन्हें पकड़ लिया गया। सांसद दानिश अली ने कहा कि एक व्यक्ति का पास निकाला तो पता चला कि उसका नाम सागर है और वह मैसूर के सांसद प्रताप सिन्हा के अतिथि के तौर पर आया था। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा में चूक का गंभीर मामला है। समाजवादी पार्टी के सांसद एस टी हसन ने कहा कि दर्शक दीर्घा से दो लोग लोकसभा कक्ष में कूदे और जूते से कुछ ऐसी चीज निकाली, जिससे गैस फैलनी शुरू हो गई। उन्होंने कहा, यह गैस कैसी थी, यह कोई जहरीली गैस तो नहीं थी, पता नहीं। हमें संसद की सुरक्षा में भारी गंभीर खामी नजर आ रही है। इस तरह से तो कोई जूते में बम भी रखकर आ सकता है। हसन ने कहा कि इस तरह की सुरक्षा चूक पर आगे ध्यान देने की जरूरत है।


### कांग्रेस विधायकों ने नेता चुनने....

एक करके अलग से बात की गई। उनके विचार जाने और पूरी रिपोर्ट लेकर हाईकमान के पास दिल्ली जाएंगे और पूरी रिपोर्ट सौंपेंगे। बैठक में नवनिर्वाचित विधायकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**भड़काऊ पोस्ट पर बॉम्बे हाईकोर्ट बोला**

# अभिव्यक्ति की आजादी सत्य 'सीमा' को नहीं लांघ सकती

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती अन्यथा इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने ऑटोमोबाइल कलपुर्जा निर्माण कंपनी 'हिताची एस्टेमो फी' के एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति की व्यवस्था बरकरार रखते हुए यह बात कही।दरअसल, कर्मचारी ने कंपनी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक'पर दो भड़काऊ पोस्ट किए थे, जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद कर्मचारी ने श्रम अदालत का रुख किया था, जहां से बर्खास्तगी को रद्द करने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश को कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।



**कंपनी के खिलाफ किए गए थे पोस्ट** : न्यायमूर्ति जाधव ने आदेश में कहा कि ये पोस्ट नफरत भड़काने के स्पष्ट इरादे से कंपनी के खिलाफ किए गए थे और ये लोगों को उकसाने वाले थे। ऐसे कारनामों के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिए जाने की जरूरत है।

# मोहन यादव ने ली मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में 'नई सरकार' का बुधवार 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण हो गया। बीजेपी के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीएम पद की शपथ ग्रहण की। वहीं राजेन्द्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एमपी के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शपथ ग्रहण करवाई है।

इसके पहले मोहन यादव अपने घर से निकलकर मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से ही सीएम बनने का सौभाग्य मिला है। राज्य में पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार और विकास करेगी।

**शपथ ग्रहण में मौजूद रहे पीएम मोदी सहित कई दिग्गज** : मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, सहित कई बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में मोहन यादव के गृहनगर उज्जैन से भी कई लोग पहुंचे थे। जो वहां नहीं पहुंच सके, उन्होंने अपने टीवी पर शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखा।

मोहन यादव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी माना जाता है। चुनाव के बाद मोहन यादव को सीएम पद के दावेदार के रूप में नहीं देखा जा रहा था। वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय से आते हैं।

### घाटी के 46,631 परिवारों ने किया पलायन: राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा को सूचित किया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 46,631 कश्मीरी 1,57,967 व्यक्तियों वाले प्रवासी परिवार राहत संगठन, जे-के के साथ पंजीकृत हैं, जिन्हें सुरक्षा कारणों से घाटी से पलायन करना पड़ा।

राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर
सर्किट कोर्ट, रायपुर
-: राजस्व मामले की नोटिस :-
प्र.क्र.- आर.एन./05/आर/अ-06/234/2023
पेशी दिनांक:- 08/01/2024
प्रति,
1. महेन्द्र कुमार जैन आ. सेवा राम जैन 2. शांति कुमार जैन आ. सेवा राम जैन 3. अनिल कुमार जैन आ. सेवा राम जैन 4. अशोक कुमार जैन आ. सेवा राम जैन 5. पुष्पा टंडन आ. ललित टंडन 6. सतीश कुमार जुनेजा आ. चमन लाल जुनेजा 7. विनय लूनिया आ. ज्ञानचंद लूनिया 8. यश जैन आ. डी. सी. जैन 9. उमेश शर्मा आ. दशरथ लाल जैन 10. जगदीश प्रसाद कटरे आ. हक प्रसाद कटरे 11. नागेश्वरी पति ताम्रध्वज वर्मा 12. ताम्रध्वज पिता चुन लाल वर्मा 13. वेद प्रकाश कश्यप आ. संतराम कश्यप 14. मंजुला शर्मा जौजे हुकुम चंद शर्मा 15. कुसुम शर्मा पति हेमंत शर्मा 16. अनुराग साहू आ. भागवत प्रसाद साहू 17. स्वाती देवांगन पति जवाहर लाल 18. मैत्र नाथ आ. खिलावन प्रसाद 19. श्रीमती शोभा वर्मा पति रमेश कुमार वर्मा
सभी निवासी- रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)
20. हेमेन्द्र कुमार वर्मा आ. राजेन्द्र वर्मा निवासी- बालोद, तहसील व जिला-बालोद (छ.ग.)
--00--
पुनरीक्षणकर्तागण श्रीमती संगीता जैन पति शैलेन्द्र जैन निवासी- 21 साउथ एवेन्यू चौबे कालोनी रायपुर, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) वगैरह, द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्कि ट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्र.क.-आर.एन./05/ आर/अ-06/ 234/2023, न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के प्र.क. 16/अ-6/वर्ष 2020-21 पक्षकार श्रीमती संगीता जैन वगैरह विरूद्ध विशाल श्री श्रीमल जैन वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 22/06/2023 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 08/01/2024 की तिथि नियत है।
अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्तयार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जावेगा।
न्यायालय के आदेशानुसार रीडर राजस्व मण्डल सर्किट कोर्ट, रायपुर
राजस्व मण्डल, छ.ग. सर्किट कोर्ट रायपुर

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27, में स्वतंत्र भवन क्रमांक - P2A/260, को श्री होरी राम देवांगन पिता स्व. श्री एस. आर. देवांगन एवं श्री पवन कुमार देवांगन पिता स्व. श्री होरी राम देवांगन, पताः - वार्ड नं. -14, शंकर घाट मार्ग नं.- 03, कवर्धा कबीरधाम (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.10.2011 को रजिस्ट्री पश्चात आधिपत्य की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। श्री होरी राम देवांगन की मृत्यु दिनांक 24.10.2023 को हो गया है। श्री पवन कुमार देवांगन पिता स्व. श्री होरी राम देवांगन, ने अपने पिता की मृत्यु होने के उपरांत उक्त स्वतंत्र भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
उक्त स्वतंत्र भवन को श्री पवन कुमार देवांगन पिता स्व. श्री होरी राम देवांगन, के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर

# टूडो ने फिर दिखाए तेवर, भारत पर अंकुश लगाने की जरूरत थी

एजेंसी ▸▸ वैंकूवर

भारत कनाडा गतिरोध के बीच कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने कहा कि उन्होंने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के खिलाफ सार्वजनिक आरोप लगाए थे। उन्होंने बताया कि भारत में जो भी रिपोर्ट किया जा रहा था, उसपर अंकुश लगाने की जरूरत थी। मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री टूडो ने कहा कि उन्होंने 18 सितंबर को घोषणा की थी, क्योंकि उन्हें मीडिया के जरिए जानकारी लीक होने का संदेह था। जस्टिन टूडो ने कहा, 'बहुत सारे कनाडाई चिंतित थे कि वह असुरक्षित है। निज्जर की हत्या के तुरंत बाद से ही चिंताएं जताई जा रही थी। हमने सुनिश्चित किया कि हमारी सुरक्षा सेवाएं लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए है।' हालांकि कनाडाई सरकार के आरोपों को भारत के विदेश मंत्रालय ने बेतुका बताते हुए खारीज कर दिया था। टूडो ने दावा किया कि आरोपों को सार्वजनिक करने के बाद भारत सरकार ने उन्हें गलत सूचना देकर हमला करने का फैसला किया था। कनाडाई पीएम ने कहा, 'यह हास्यास्पद होता अगर इसका दोनों देशों के बीच के संबंध पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।' उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को किए गए घोषणा के बाद केवल भारत से ही नहीं बल्कि कनजर्वेटिव नेता पियरे पोइलिवरे से भी सबूत मांगे गए थे।

■ निज्जर हत्याकांड मामले में भारत के खिलाफ आरोपों पर बोले

आम सूचना
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विक्रेता गौरव पचौरी पिता रूप नारायण पचौरी ने अपने मां से मिले पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर धमतरी के जोधापुर वार्ड स्थित मकान ख.नं. 550/27 रकबा 0.014/1500 वर्गफुट को मेरे पक्षकार प्रीति ध्रुव पिता सेवक राम ध्रुव नयापारा झिरिया तह. व जिला-धमतरी के पास विक्रय किए जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर लिया है। उक्त भूमि के संबंध जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, फर्म, संस्था, कंपनी, निकाय, शासकीय एवं अशासकीय बैंकिंग एवं गैर बैंकिंग संस्थान को किसी भी प्रकार से कोई भी दावा आपत्ति अथवा उजर दावा करना हो तो वे आज तिथि से 15 दिवस के भीतर कर सकता है मयाद अवधि पश्चात किए गए उजर दावा पर मेरा पक्षकार कोई जवाबदार नहीं होगा वे उक्त भूमि का रजिस्ट्री करा सकता है एवं उक्त आम सूचना का खंडन/आपत्ति समाचार पत्रों में प्रकाशन द्वारा मान्य नहीं होगा। वे मेरे समक्ष मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
सो सूचना जाने।
महेश कुमार सिन्हा
(अधिवक्ता)
तहसील कोर्ट धमतरी
मो.नं. 96914-05334

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
जोन क्र. 04 नेहरू काम्पलेक्स व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)
द्वितीय निविदा विज्ञप्ति
नि.क्र.18/न.पा.नि./जनकार्य-4/23-24 बिलासपुर दिनांक 11/12/2023
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 28.12.2023 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 26 अब्दुल मिस्त्री एवं चंदना किराना स्टोर गली में आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड मरम्मत कार्य । (सामान्य मद) | 9.26 लाख |

शर्तः- निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन क्र. 04 व्यापार विहार नेहरू काम्पलेक्स नगर पालिक निगम बिलासपुर से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।
जोन कमिश्नर,
जोन क्र. 04
नेहरू काम्पलेक्स व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** – व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

### इजराइल की आलोचना कर रहे थे सांसद, अचानक फर्श पर गिरे; हालत नाजुक

**तेल अवीव।** तुर्किये सांसद हसन बिटमेज इजराइल-हमास संघर्ष पर तुर्किये के कार्यों की आलोचना करते हुए मंगलवार को संसद में गिर पड़े। यह घटना संसदीय सत्र के दौरान हुआ, जिसका सीधा प्रसारण किया गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जा रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार 53 वर्षीय बिटमेज डायबिटिज के मरीज हैं। संसद में अचानक से गिरने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत फिलहाल गंभीर है। मीडिया सूत्र के अनुसार सांसद बिटमेज इजराइल-हमास युद्ध पर तुर्किये की प्रतिक्रिया पर आलोचना कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'इतिहास भले ही चुप रहे, लेकिन सत्य चुप नहीं रहता है।'



## शब्द पहेली - 5363



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5362 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5373

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5372 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

14 dec sehat full page advt FINAL_Layout 1 12/13/2023 8:35 PM Page 1

haribhoomi.com

# सेहत




हरिभूमि 05

रायपुर, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

## मस्कुलर बॉडी से ज्यादा जरूरी है हम अपनी हेल्थ पर फोकस करें

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे सीरियल 'वंशज' में नील भारद्वाज के रोल में मोहित कुमार दिख रहे हैं। नील एक्टिंग के साथ ही अपनी हेल्थ-फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। उनका फिटनेस फंडा जानिए, उन्हीं की जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**मोहित कुमार**

मेरा मानना है कि लाइफ में हेल्दी रहना बहुत जरूरी है। पैसा और बाकी सारी चीजें आती-जाती रहती हैं, लेकिन हेल्थ हमारे साथ हमेशा रहती है। अगर लाइफ में सारी सुख-सुविधाएं हैं लेकिन आप फिट नहीं हो, कुछ भी यूज करने के लिए हेल्दी नहीं हो तो किसी भी सुख-सुविधा की क्या वैल्यू रह जाएगी? आप ज्यादातर टाइम बीमार रहते हो या कोई भी प्रॉब्लम बॉडी में है तो लाइफ का कोई मजा नहीं रह जाएगा। इसलिए मेरे लिए तो लाइफ का सबसे बड़ा एजेंडा है कि खुश रहो, हेल्दी रहो, फिट रहो और अपना ध्यान रखो।



**बचपन से रहा हूं फिटनेस कॉन्शस :** मैं स्कूल टाइम से ही स्पोर्ट्स से जुड़ा रहा हूं। लॉन टेनिस और फुटबॉल खूब खेलता था। मेरे घर वाले भी सुबह चार बजे उठकर रनिंग या वॉक के लिए अपने साथ मुझे ले जाते थे। यानी बचपन से ही मुझे आदत हो गई कि सुबह उठकर रनिंग के लिए जाना है। मेरा वो रूटीन अब भी बना हुआ है। मुझे यह रूटीन बहुत अच्छा लगता है, मैं इसे खूब एंज्वॉय करता हूं। जब तक सुबह उठकर रनिंग या वर्कआउट ना करूं, तो मेरा डेली रूटीन स्टार्ट ही नहीं होता है। मैं अपना फिटनेस आइडल अपनी मम्मी को मानता हूं, क्योंकि बचपन से उन्होंने ही फिट रहने की हैबिट मुझमें डेवलप की।

**हेल्दी होना है ज्यादा इंपॉर्टेंट :** मैं फिट बॉडी से ज्यादा इंपॉर्टेंट हेल्दी होने को मानता हूं। क्योंकि फिट फिगर बनाना तो ईजी है लेकिन अगर आप अंदर से हेल्दी नहीं हैं तो बाहर की फिटनेस का क्या फायदा? बॉडी अच्छी दिख रही है लेकिन आप अंदर से बीमार हैं, शरीर में कोई प्रॉब्लम है तो आप हेल्दी नहीं कहलाएंगे। जब आप खुश होते हैं, फिट होते हैं, हेल्दी होते हैं, तो वो आपके चेहरे पर दिखता है। इसीलिए मेरा मानना है कि फिट, मस्कुलर बॉडी दिखाने से अच्छा है, आप अपनी हेल्थ पर फोकस करो। इसके लिए हेल्दी डाइट लें, डेली वर्कआउट करें, पूरे दिन का न्यूट्रिशस डाइट प्लान बनाकर उसे फॉलो करें।

**डाइट प्लान :** मैंने अपना डाइट शेड्यूल ऐसा बनाया है कि मैं पूरे दिन में एक ही बार खाना खाता हूं। एक ही मील में चपाती, चिकन, एग, सब्जियां और स्वीट डिश सब होता है। एक मील में ही सब कुछ खा लेता हूं। लेकिन बाकी पूरा दिन फास्टिंग करता हूं। अगर रात को शूटिंग है तो मॉर्निंग में खाना खाता हूं। जब शूट नहीं होती है तो घर में हल्का खाता रहता हूं।

**मेरा वर्कआउट शेड्यूल :** काफी सालों से मेरा वर्कआउट रूटीन यही रहा है कि सुबह जल्दी उठकर 7-8 किलोमीटर रनिंग पर जाना है। घर आकर ब्रेकफास्ट करता हूं, फिर जिम चला जाता हूं। अगर सुबह बारह बजे की शिफ्ट है, टाइम नहीं है या बाहर तेज धूप या बारिश का मौसम है तो घर की सीढ़ियों पर आधे घंटे ऊपर-नीचे करके वर्कआउट कर लेता हूं। जिम में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कम करता हूं और क्रॉसिंग एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देता हूं। मेरा फोकस मसल्स बनाने पर नहीं बल्कि फ्लेक्सिबल बॉडी पर रहता है। क्रॉसिंग एक्सरसाइज से ओवरऑल बॉडी पर वर्कआउट होता है।

**ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी :** आज के दौर में मेंटली फिट रहना एक चैलेंज होता है। हेक्टिक शेड्यूल, कई तरह की प्रॉब्लम्स से स्ट्रेस हो ही जाता है। मेंटली फिट रहने के सबके अलग-अलग फंडे होते हैं। मेरा फंडा यह है कि जब भी मुझे मेंटली अच्छा नहीं लग रहा है तो मैं रनिंग के लिए चला जाता हूं। मुझे रनिंग करना पसंद है। डेली 5-7 किलोमीटर की रनिंग में मैं खुद से बात करता हूं, प्रॉब्लम के बारे में सोचता हूं। इससे मेरी 99.99 प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं। मैं स्ट्रेसफ्री फील करने लगता हूं। * **प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. मयंक गुप्ता**
डायरेक्टर-यूरोलॉजी, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली

# क्यों होती है स्टोन प्रॉब्लम जानें लक्षण-कराएं उपचार

गलत लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से हाल के दिनों में पथरी (स्टोन) की समस्या कॉमन होती जा रही है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इसके होने के कारण क्या है और यह कितने प्रकार की हो सकती है? यहां डिटेल में बता रहे हैं इसके प्रमुख लक्षणों और उपचार के तरीकों के बारे में।



पथरी एक कंकड़ जैसी कठोर और क्रिस्टलीय संरचना होती है, जिसका विकास शरीर के विभिन्न भागों जैसे- किडनी, यूरिनरी ट्रैक्ट, पैंक्रियास, टॉन्सिल, स्लाइवरी ग्लैंड्स या पित्ताशय की थैली (गॉल ब्लैडर) आदि में हो सकता है। पथरी के कारण पेशेंट को असहनीय दर्द होता है। पथरी के आकार में वृद्धि और विकास के साथ कई तरह के जोखिम का खतरा भी बढ़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि पथरी के लक्षणों पर समय रहते ध्यान दिया जाए और निवारक उपाय अपनाए जाएं। यदि सही समय पर पथरी का इलाज नहीं हो पाता है तो मरीज को आगे चलकर कई तरह की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### स्टोन होने के प्रमुख लक्षण

सामान्यतः पथरी की बीमारी 30 से 40 साल की उम्र में देखी जाती है, जिसमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हो सकती है। पथरी के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पथरी का विकास शरीर के किस भाग में हुआ है। किडनी में पथरी के विकास के कारण व्यक्ति को पेट और कमर में गंभीर दर्द महसूस हो सकता है। किडनी स्टोन का आकार 5 एमएम. से बड़ा है तो मूत्र मार्ग में रुकावट और यूरिनरी ट्रैक्ट संक्रमण जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसी तरह पैंक्रियास में पथरी के विकास के कारण पेट में तेज दर्द के साथ सूजन जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। कभी-कभी स्लाइवरी ग्लैंड्स में क्रिस्टलीय संरचना का विकास होने लगता है, जो बाद में पथरी का रूप ले लेता है, जिससे व्यक्ति को स्लाइवरी ग्लैंड्स में दर्द महसूस होने लगता है। गले में पीछे की तरफ टॉन्सिल स्टोन का विकास भोजन में उपस्थित हानिकारक पदार्थ और बैक्टीरिया के प्रभाव के कारण होता है, जिससे व्यक्ति को भोजन निगलने में कठिनाई महसूस हो सकती है। साथ ही गले में खराश और बदबू बनी रहती है। इसके अलावा पित्ताशय की थैली में पथरी के विकास के कारण पेट में गंभीर दर्द, उल्टी, पीलिया, बुखार और कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### रोग के कारण और प्रकार



ऐसा देखने में आ रहा है कि वर्तमान समय में लोगों को किडनी स्टोन की समस्या का सामना अधिक करना पड़ रहा है। यूरीन में केमिकल्स की अधिक मात्रा, शरीर में मिनरल्स की कमी, जंक फूड का सेवन और कम मात्रा में पानी पीना किडनी स्टोन के मुख्य कारण माने जाते हैं। इनमें कैल्शियम स्टोन और यूरिक एसिड स्टोन के मरीजों की संख्या अधिक होती है। पैंक्रियास में होने वाले स्टोन का मुख्य कारण, अधिक शराब का सेवन को माना जाता है। इसके अलावा स्मोकिंग और निकोटिन का सेवन, उच्च वसा और उच्च प्रोटीन युक्त भोजन, वंशानुगत कारक और संकीर्ण या ब्लॉकड पैंक्रियास ट्रैक्ट के कारण भी पैंक्रियास में पथरी का विकास हो सकता है। स्लाइवरी ग्लैंड में पथरी एक दुर्लभ प्रकार की पथरी है। यह पथरी डिहाइड्रेशन, खराब खान-पान, एब्नॉर्मल ब्लड प्रेशर और मूत्रवर्धक दवाओं के सेवन के कारण हो सकती है। वहीं गले में टॉन्सिल स्टोन खराब खान-पान, बैक्टीरिया और कवक संक्रमण के कारण विकसित हो जाती है। शरीर में पाचन के लिए पित्त की आवश्यकता होती है, लेकिन पित्त जब कोलेस्ट्रॉल को घोल नहीं पाता है, तब एक्सट्रा कोलेस्ट्रॉल पित्ताशय में पथरी का रूप ले लेता है।




### ट्रीटमेंट के तरीके

शरीर में पथरी के रोग का निदान इसके स्थान, आकार, प्रकार और मरीज की अन्य शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है। निदान में कई उपचारक विधियां हैं, जो इस बात पर निर्भर करती हैं कि पथरी किस भाग में विकसित हुई है? किडनी स्टोन के उपचार के लिए अधिक तरल पदार्थ के सेवन के साथ दर्द निवारक प्रक्रियाओं और किडनी को तोड़ने में मदद करने वाली दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। किडनी स्टोन की स्थिति में गर्म पानी पीना लाभकारी होता है।

किडनी स्टोन का आकार बढ़ जाने पर और पित्ताशय की पथरी के उपचार के लिए सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त स्लाइवरी ग्लैंड की पथरी के उपचार के लिए सियालेंडोस्कोपी सर्जरी की सलाह भी डॉक्टर द्वारा दी जाती है, जो एक मिनिमम इनवेंसिव प्रक्रिया है। साथ ही कई बार पथरी के उपचार के लिए डॉक्टर शॉक वेव थेरेपी की भी सलाह देते हैं, इसलिए बहुत आवश्यक है कि डॉक्टर की सलाह लें और जरूरी जांच कराएं, जिससे पथरी का निदान जल्द से जल्द हो सके। *

**प्रस्तुति : सेहत डेस्क**

### सर्दियों में पथरी का अधिक खतरा



**अकसर हम** सर्दियों में कम पानी पीते हैं, जिससे स्टोन बनने का खतरा भी पैदा हो सकता है। दरअसल, ठंड के मौसम में कम पानी पीने के कारण किडनी यूरिन के जरिए टॉक्सिक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में सक्षम नहीं हो पाती और गंदगी जमा होने के कारण पथरी होने की संभावना बनी रहती है। ठंड के मौसम में तापमान कम होने के साथ शरीर की दूसरी बीमारियां होना शुरू हो जाती हैं, जिसका सीधा असर किडनी पर पड़ सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी खुद को हाइड्रेट रखना जरूरी है, इससे आपकी किडनी अच्छे से खून की सफाई करती है। साथ ही टॉक्सिक पदार्थों को भी यूरिन के जरिए बाहर निकाल देती है। यही नहीं इस कारण खून में सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम का लेवल भी बरकरार रहता है, जिससे आपको पथरी होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। *

**प्रिकॉशन**

**विनीता**

अगर आपको अकसर पेट दर्द, लूज मोशन और वॉमिटिंग जैसी समस्या होती है तो इसे अनदेखा ना करें। ऐसा सीलिएक डिजीज के कारण हो सकता है। जानिए, इस बीमारी के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## सीलिएक डिजीज से ऐसे करें बचाव




हमारे नियमित खान-पान में गेहूं से बने खाद्य प्रमुखता से शामिल होते हैं। रोटी, पूरी, परांठा, ब्रेड और बिस्किट का सेवन अधिकतर लोग अपने नाश्ते और खाने में करते हैं। लेकिन जिन्हें सीलिएक डिजीज की समस्या होती है, उनका पाचनतंत्र आटा, सूजी या मैदे से बने किसी भी खाद्य पदार्थ को पचाने में असमर्थ होता है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस समस्या से ग्रस्त अधिकतर लोगों को इसका अंदाजा नहीं होता है और वे ताउम्र पेट से जुड़ी अन्य बीमारियों का इलाज कराते रहते हैं।

**क्या है सीलिएक डिजीज :** यह ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति गेहूं में मौजूद ग्लूटेन नामक प्रोटीन के प्रति एलर्जिक हो जाता है। यह ऐसी शारीरिक अवस्था है, जब ग्लूटेन के खिलाफ शरीर में एंटीबॉडीज बनने लगती हैं, जो आंतों में ग्लूटेन पचाने वाले तत्वों को ही नुकसान पहुंचाने लगती हैं। नतीजतन व्यक्ति गेहूं से बनी चीजों को पचा नहीं पाता। कई बार छह माह की उम्र के बाद जब बच्चे को दूध के अलावा बिस्किट, रोटी जैसी चीजें दी जाती हैं, तभी से उन्हें पाचन में दिक्कत, पेट दर्द और वॉमिट जैसी समस्याएं होती हैं और कम उम्र से बच्चों में इसके लक्षणों की पहचान हो जाती है। कई बार जेनेटिक कारणों से भी यह समस्या होती है। इस बीमारी से बच्चों का विकास धीमी गति से होता है, क्योंकि आंतें पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर पाती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** पेट का फूलना, दर्द, उल्टी, पेट खराब होना, कमजोरी, थकान और खून की कमी जैसे लक्षण सीलिएक डिजीज के मरीज में नजर आते हैं।

**साइड इफेक्ट्स :** इस बीमारी के कारण आंतें भोजन को पचा नहीं पातीं, इससे शरीर जरूरी मिनरल्स को अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे उन्हें कई तरह की अन्य बीमारियां घेर लेती हैं। लड़कियों को ऐसी समस्या हो तो शादी के बाद उन्हें मिसकैरेज होने का खतरा रहता है। सीलिएक रोग की वजह से कुछ लोगों को ब्रेन और स्किन संबंधी ऑटो इम्यून डिजीज भी परेशान करती है। इसकी वजह से डायबिटीज टाइप-1, हार्ट अटैक और कॉर्डियोवैस्कुलर डिजीज होने का भी अंदेशा रहता है। अगर ग्लूटेन फ्री डाइट ना ली जाए तो इसकी वजह से आंतों का कैंसर भी हो सकता है।

**टेस्ट :** अगर कोई भी लक्षण नजर आए तो सबसे पहले टीटीजी (टिशू ट्रांसग्लूटामिनेज एंटीबॉडी) टेस्ट जरूर करवा लेना चाहिए। रिपोर्ट पॉजिटिव आए तो, इसका मतलब यही है कि व्यक्ति सीलिएक डिजीज से ग्रस्त है। कई बार जांच की पुष्टि के लिए एंडोस्कोपी या बायोप्सी की भी जरूरत पड़ती है।

**प्रिवेंशन :** इस समस्या का कोई उपचार नहीं है। इसकी वजह से शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, सप्लीमेंट्स के माध्यम से उन्हें दूर करने की कोशिश की जाती है। इसलिए बचाव ही इसका एकमात्र समाधान है। आप गेहूं के बजाय चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का जैसे मिलेट्स को अपने आहार में शामिल करें। कोई भी डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसके पैकेट को ध्यान से पढ़ लें कि कहीं उसे तैयार करने में गेहूं, मैदा, सूजी और राई का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। अपने भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों जैसे- दूध, दही, पनीर, अंडा और मछली को शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद में एचओडी-डाइटेटिक्स डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**घरेलू औषधि / रेखा देशराज**

## गुणों का खजाना मेथी दाना



अपने देश में सदियों से मेथी दाने का प्रयोग मसालों के साथ-साथ औषधि के रूप में भी किया जाता रहा है। खासतौर पर अगर सर्दियों के लिए चार या पांच ऐसे मसालों की सूची बनाई जाए, जो सबके लिए उपयोगी हों, तो उनमें मेथी दाना जरूर शामिल होगा। दरअसल, ठंड के दिनों में मेथी दाना हमें ना सिर्फ गरमाइश से भरपूर रखता है, साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।

**कई तरह से फायदेमंद :** आयुर्वेद में मेथी दाने को गुणों का खजाना कहा जाता है। सैकड़ों सालों से भारतीय लोगों को इसकी विशिष्टता का भान रहा है। इसलिए मेथी दाने को भारतीय घरों में दर्जनों तरह से उपयोग किया जाता है। मेथी दाना हमारे दिल को स्वस्थ रखता है, इसके नियमित सेवन से हार्ट अटैक की आशंका काफी घट जाती है। पोटैशियम से भरपूर होने के कारण यह हृदय की गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार होता है।

**सुबह खाने के फायदे :** हर दिन सुबह खाली पेट भीगे हुए मेथी दाने खाने के बहुत सारे फायदे होते हैं। मेथी दाना खाने से शरीर को बैक्टीरिया-वायरस से लड़ने की ताकत मिलती है। मेथी दाने में गैलेक्टोगॉग्स नाम का एक कंपाउंड होता है, जिस कारण दूध पिलाने वाली मांओं में भरपूर दूध बनता है। यह टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन को बनाने में मदद करता है, जिससे पुरुषों में सेक्स पावर बढ़ती है। यह कैल्शियम से भरपूर होता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं और जोड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा मिलता है। यह वजन कम करने में भी मददगार है। इसके नियमित सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल घटता है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी कारगर है। यह डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है, इसके लिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पानी सुबह पीना हितकर है।

**ना करें अधिक सेवन :** जहां एक तरफ मेथी दाना स्वास्थ्य के लिए वरदान है, वहीं अधिक मात्रा में सेवन करने से कई नुकसान भी होते हैं। ज्यादा सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है, शरीर में गैस बनने लगती है, पेट खराब हो सकता है, जिससे दस्त शुरू हो सकते हैं और मितली भी आने लगती है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि एक दिन में कितना मेथी दाना इस्तेमाल करें। वैसे एक दिन में एक स्वस्थ वयस्क को एक चम्मच से ज्यादा मेथी दाने का सेवन नहीं करना चाहिए। बेहतर यही है कि इसका सेवन करने से पहले किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।

**ये लोग ना करें सेवन :** अगर आपका ब्लड प्रेशर लो रहता है तो मेथी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि मेथी दाना खाने से ब्लड प्रेशर काफी कम हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को मेथी दाने के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इससे पेट खराब हो सकता है, गैस ज्यादा बनने लगेगी। *



14122023-Cit-10_Layout 1 12/14/2023 12:12 AM Page 1



# आरबीआई ने चेताया, राज्य ना करें पुरानी पेंशन स्कीम के वादे बर्दाश्त के बाहर हो जाएगा खर्च

एजेंसी ▸▸| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई भत्ते (डीए) से संबद्ध पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर आगाह किया है। उसने कहा है कि इसे लागू करने से राज्यों के वित्त पर काफी दबाव पड़ेगा और विकास से जुड़े खर्चों के लिए उनकी क्षमता सीमित होगी।

रिजर्व बैंक की 'राज्यों के वित्तः 2023-24 के बजट का एक अध्ययन' विषय पर जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समाज और उपभोक्ता के लिहाज से अहितकर वस्तुओं और सेवाओं, सब्सिडी और अंतरण तथा गारंटी पर प्रावधान से उनकी वित्तीय स्थिति गंभीर स्थिति में पहुंच जाएगी।

## कुछ राज्यों ने राशि वापस करने का किया अनुरोध

वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद को सूचित किया है कि इन राज्य सरकारों ने नई पेंशन योजना में अपने कर्मचारियों के योगदान की राशि वापस करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन योजना को लागू करना और कुछ अन्य राज्यों के भी इसी दिशा में आगे बढ़ने की रपट से राज्य के वित्त पर भारी बोझ पड़ेगा।

## पांच राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने की दी जानकारी

उल्लेखनीय है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने केंद्र सरकार और पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) को अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के फैसले के बारे में सूचित किया है।

## कर्ज का स्तर जीडीपी के 35 फीसदी से अधिक होगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों ने 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी (राज्य सकल घरेलू उत्पाद) के चार प्रतिशत से अधिक करने का बजट रखा है, जबकि अखिल भारतीय औसत 3.1 प्रतिशत है। उनका कर्ज स्तर भी जीएसडीपी के 35 प्रतिशत से अधिक है, जबकि अखिल भारतीय औसत 27.6 प्रतिशत है।

## अतिरिक्त प्रावधान से वित्तीय स्थिति गंभीर होगी

इसमें कहा गया है, "समाज के नजरिये अहितकर वस्तुओं और सेवाओं, सब्सिडी, अंतरण और गारंटी के लिए कोई भी अतिरिक्त प्रावधान उनकी वित्तीय स्थिति को गंभीर बना देगा और पिछले दो वर्षों में हासिल समग्र राजकोषीय मजबूती को बाधित करेगा।"

# अंतिम घंटे की खरीदी से शेयर बाजार में रही मामूली बढ़त



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच हल्की तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 34 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन और ऊर्जा शेयरों में अंतिम घंटे की लिवाली आने से बाजार बढ़त लेने में सफल रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33.57 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69,584.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 450.47 अंक तक लुढ़क गया था।

**सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने तय किया मूल्य दायरा** : नई दिल्ली। सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 340 से 360 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है।

# एरीज एग्रो के सीएमडी डॉ. राहुल मिरचंदानी आज राजधानी में



रायपुर। एरीज एग्रो लिमिटेड (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स ड्रिप फर्टिलाइजर्स) के सीएमडी डॉ. राहुल मिरचंदानी आज रायपुर प्रवास में रहेंगे, इस दौरान उनके साथ वाइस प्रेसिडेंट डी. के. तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, वह कंपनी की नई इकाई की शुरुआत पर भूमि पूजन कार्यक्रम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर छत्तीसगढ़ में किसानों को बेहतर उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में विचार विमर्श करेंगे।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडिसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से सभी प्रकार की हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करें:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (आरो न.-6301)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** *सिक्योरिटी गार्ड *फिल्ड ऑफिसर 3 *मार्केटिंग ऑफिसर 5 *सुपरवाइजर 3 *टेली कॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर 5 योग्यताः स्नातक - स्नातकोत्तर वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क:- 434 चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 07714002070, 7747000016, 7746000016.** (आरो-2328)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (आरो-1031)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अच्छे हैंड राइटिंग वाले अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर एंव सेल्समेन व हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (आरो-1631)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता वेतन 8000/- महिना कार्य का समय सुबह 10.45 से शाम 6.30 बजे तक **संपर्क करें:- वायर हाऊस जवाहर नगर एम.जी.रोड रायपुर** (आरो-2149)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाड़ू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (आरो-2147)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में पार्ट टाइम ड्राइवर की आवश्यकता है। काम का समय शाम को 4 से 6 तक। वेतन 3000/ महीना। **संपर्क करें 8120289207, 9300201654.** (आरो-3038)

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (आरो-3670)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कम्प्यूटर टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** स्कूल में कार्य करने हेतु कंप्यूटर टेक्नीशियन (जिसे हार्डवेयर,नेटवर्किंग, कैमरे का ज्ञान हो) इलेक्ट्रीशियन चौकीदार,ड्राइवर एवम चपरासी की आवश्कता हैं, **अनुभवी संपर्क करे । मॉडल स्कूल,सिविल लाइन रायपुर 9425214413, 9329621221.** (आरो-382)

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** दुर्ग शहर के पास मछली फार्म में काम करने और देख रेख हेतु स्थाई नौकर की तुरंत आवश्यकता है। रहना, खाना और वेतन कार्यानुसार। **संपर्क करें :- 9806651332, 9981260264.** (आरो न.-365)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** आवश्यकता है रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु महिला पुरुष एवं सेल्समैन (मेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.** (आरो-1875)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** बच्चों के अस्पताल में नर्सिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता है । वेतन 10000/-रु. तक । आवास सुविधा उपलब्ध । **रचहकर बच्चों का अस्पताल, भारत माता स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर । संपर्क 0771-2572033/ 9399777426.** (आरो-53)

### होटल स्टाफ

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - वेटर ,सफाई कर्मचारी कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। **संपर्क -होटल अपना केसरी होटल शिव- प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.- 98932-15251,89669-81590.** (आरो न.-363)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.** (आरो-1033)

### असिस्टेंट

**Wanted-** FEMALES OFFICE ASSISTANT REQUIRED, WORK- (CONSULTANT FOR- ABROAD EMPLOY- MENT, PASSPORT, HAJJ-UMRAH MAR- RIAGE-BUREAU AIRTICKET) SALARY (7000- 10000), TIMING (9.30- 19.30) CONTACT- MIG /2/ 239, HUDKO **9329000023 / 9406012786.** (आरो-366)

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** मैनेजर एवं शॉप में कार्य करने कर लिए अनुभवी लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के रायपुर, मो.- 9300908801.** (आरो-064)

छोटा विज्ञापन

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 5 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर** (आरो-373)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता ..गुढियारी और आस पास के लोगो को प्राथमिकता **त्रिभुवन जैन नर्मदा पारा रायपुर** Mo **9425517126.** (आरो-383)

**आवश्यकता है-** सीमेंट दुकान में काम करने हेतु एक व्यक्ति की आवश्यकता है अनंत आराम दायक केवल बैठक कार्य हेतु रिटायर्ड एवं वरिष्ठ कटोरा तालाब के आसपास रहने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता **पता बबला सीमेंट कंवर राम चौक कटोरा तालाब रायपुर** (आरो-1874)

### कम्प्यूटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** मेडिकल स्टोर में कार्य हेतु कप्यूटर ऑपरेटर, मार्केट बॉय तथा सेल्स कर्मचारी की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क:- लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, अमृत संदेश कॉम्प्लेक्स 7999149489, 7770807779. (व्हाट्सअप)** (आरो-053)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** हमारे प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को Telly एवं Excel में 2 वर्ष के अनुभवी Senior Accountant-1, Junior Accountant-1 पद, एवं टेलीकॉलर्स की आवश्यकता हैं। ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री, नियर अग्रवाल होमियोपैथी, जर्मन रेमेडीज सुपेला, भिलाई **8109008885, 9589049626.** (SP/845)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** देवपुरी (रायपुर) घर के सब काम, जैसे झाड़ू, पोछा, और बर्तन साफ करने के लिए पुरुष या महिला की तत्काल जरूरत है। **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9302708426, 9039584784.** (आरो-2332)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर आफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल किराया, आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क- सरकंडा बिलासपुर 6266578863, 9685587409.** (आरो-32159)

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष, 10वीं, 12वी ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 8000+ रहना, खाना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं। **सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634.** (आरो-32181)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-25 वर्ष के 10वी 12वी पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क सरकंडा बिलासपुर 8962488970.** (आरो-32182)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 8882895824.** (आरो-2303)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp **करें 9631550466.** (आरो-6620)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Office) हेतु पक्की परमानेंट नौकरी (बिना इंटरव्यू सीधी भर्ती) अनपढ़ से ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) तुरंत ट्रेनिंग शुरू (28300- 84900/-) सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 07827301340.** (आरो-2319)

**आवश्यकता है-** ORDEAL कंपनी को 100 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय (10500 - 15500) प्रतिमाह आवास+ खाना फ्री परमानेंट जॉब **पता- साकेत नगर चगोरा भाटा रायपुर MOB- 9528368316, 7024480878.** (आरो-6594)

### वर्क फ्राम होम

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर घर बैठे बेरोजगार, हाउसवाइफ, स्टूडेंट, जॉब पीपल,कर्ज में फंसे लोग और दिव्यांग भाई बहन,अपने स्मार्टफोन से ऑनलाइन वर्क से कमाए 500 से 2000 रुपये तक प्रतिदिन पार्ट टाइम या फुल टाइम **संपर्क करे :- 81093-15447.** (आरो न.-6306)

## Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH-NIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:- Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.** (आरो न.-6308)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.** (आरो-2284)

### टॉवर

**टॉवर लगवाए-** (Daimend ऑफर) छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G/5G टावर लगवाये एडवांस 70,00,000/- किराया 60,000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रेजिस्ट्रेट कंपनी Employs **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 06397308856.** (आरो-2321)

## Property प्रापर्टी

### वाहन

**वाहन बेचना है-** 12 चक्का टाटा हाइवा 2021 मॉडल डबल क्राउन उल्टी कमानी 70-80% टायर बेचना है टोटल 20 गाड़ी लेने के लिए **सम्पर्क करें- 9827125712, 7000459189.** (आरो-32154)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** किराए से देना है भाटागांव कठाडीह रोड पर बी जी आर पेट्रोल पंप के सामने 4000 फूट का शेड + खुली जमीन सहित ,किराए से देना है, **संपर्क करे 7974100341.** (आरो-382)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
• गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
• शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
• लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
• शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
• आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
• चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
• निःसंतान दम्पति आज ही मिलें ।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सौमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टेण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899


सोरियासिस (Psoriasis)
बिना रोगी को देखे मोबाईल से फोटो भेजकर दवा बेचने वालों से फोन द्वारा दवा मंगाने से कुछ नहीं होगा कोई समस्या हो जाये तो किसको कहां कहने जायेंगे। चिकित्सा के समय डॉक्टर के निगरानी में रहना जरूरी होता है। सावधान! सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
मो. 9425555659, 9617789223
डॉ. वी.के. अग्रवाल (बीएएमएस)
मो. 9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
मो. 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
समय - शाम 4 बजे से 7 बजे।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

City_Main_14_2023-09_Layout 1 14-12-2023 00:55 Page 1





# मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग से बाहर

**मैनचेस्टर।** बायर्न म्युनिख से 1-0 से हारकर मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग फुटबाल से प्रारंभिक दौर में ही बाहर हो गई। बायर्न के लिए किंग्स्ले कोमैन ने 70वें मिनट में गोल किया। इसके साथ ही तीन बार की यूरोपीय कप चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई। इस सत्र में सभी स्पर्धाओं में 12वीं हार के साथ ही ग्रुप ए में सबसे नीचे रही युनाइटेड ने यूरोपा लीग में स्थान भी पक्का नहीं किया। इस ग्रुप से कोपेनहेगन भी अंतिम 16 में पहुंच गई जिसने गालाटासारे को 1-0 से हराया। इस नतीजे के मायने हैं कि अगर युनाइटेड जीत भी जाती तो अगले दौर में नहीं पहुंच पाती। पूर्व मैनेजर एलेक्स फर्ग्युसन के 2013 में रिटायर होने के बाद से सात प्रयासों में तीसरी बार युनाइटेड नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी है और दूसरी बार चैंपियंस लीग ग्रुप में सबसे नीचे रही है।



### सोशिदाद ने इंटर मिलान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला

**मिलान।** रियल सोशिदाद ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में शानदार वापसी करते हुए पहली बार ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप डी में मंगलवार को सोशिदाद ने इंटर मिलान से गोलरहित ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ टीम ग्रुप डी में गोल औसत के आधार पर नेराजुरी से ऊपर शीर्ष पर रही। सोशिदाद ने अभी तक दो ही गोल गंवाए हैं और एक दशक बाद चैंपियंस लीग में वापसी करते हुए पहले सत्र में अपराजेय रही है।

### ब्रागा को हराकर नपोली नॉकआउट में

**नेपल्स।** सीरि ए खिताब बरकरार नहीं रख पाने का गम भुलाते हुए नपोली ने ब्रागा को 2-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। सेरडार सात्की के आत्मघाती गोल से नपोली ने बढ़त बना ली और विक्टर ओसिमहेन ने दूसरा गोल किया। नपोली ग्रुप सी में रियल मैड्रिड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। रिकॉर्ड 14 बार की चैंपियन मैड्रिड 18 अंक लेकर शीर्ष पर रही जिसने बर्लिन को दूसरे ग्रुप मैच में 3-2 से मात दी।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट दोनों टीम के लिए अनजान: नाइट

**नवी मुंबई।** इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच दोनों टीमों के लिए काफी हद तक अनजान है और सही मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना महत्वपूर्ण होगा। भारतीय महिला टीम ने 1995 के बाद घरेलू धरती पर और 2006 के बाद विदेशी मैदान पर कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है और वह इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दो वर्षों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

### शमी अर्जुन पुरस्कार की दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम की सिफारिश की है। इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बीसीसीआई ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया।

## क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज

# श्रृंखला में बराबरी करने भारत को करना होगा उलटफेर, मैच आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को तीसरा टी20 मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी के लिए भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिए सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है। दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिए जूझते नजर आए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली। जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था। लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखला में 4-1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई। अर्शदीप ने बेंगलुरु में पांचवें टी20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिए और उसे चार ही विकेट मिले।



### युवाओं के पासे सिर्फ चार मैच बाकी

टी20 विश्व कप से पहले भारत को अब सिर्फ चार टी20 मैच खेलने हैं और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं हैं। एक साल और चार महीने बाद टी20 मैच खेलने वाले रविंद्र जडेजा भी प्रभावित नहीं कर सके। रिंकू सिंह ने इस प्रारूप में पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और अर्धशतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी। भारत को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### आज से भारतीय महिला टीम का टेस्ट

**नवी मुंबई।** टी20 श्रृंखला में औसत प्रदर्शन के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए गुरुवार को उतरेगी तो अपने अनुभवी स्पिन आक्रमण के दम पर उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच 1986 से अब तक खेले गए 14 टेस्ट में से भारत ने सिर्फ एक गंवाया है। पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रही हरमनप्रीत इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेंगी। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट जून 2021 में ब्रिस्टल में खेला गया था जो ड्रॉ रहा था। स्मृति मंधाना ने पहली पारी में 78 रन बनाए थे और शेफाली वर्मा ने 96 तथा 63 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम को दस दिन के भीतर दो टेस्ट खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद 21 से 24 दिसंबर के बीच भारतीय टीम वानखेड़े स्टेडियम पर आस्ट्रेलिया से खेलेगी।



### लियोन की नजरें 500वें विकेट पर

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में आफ स्पिनर नाथन लियोन की नजरें 500वें टेस्ट विकेट पर लगी होंगी। आस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाज लियोन के 496 विकेट हो चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों में सिर्फ शेन वॉर्न (708) और ग्लेन मैकग्रा (563) हैं। लियोन ने पर्थ में तीन टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं। पाकिस्तानी टीम आस्ट्रेलिया में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। दोनों टीमों के बीच आस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों में से आस्ट्रेलिया ने 26 और पाकिस्तान ने चार जीते हैं जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। दोनों टीमों की आखिरी टक्कर 2022 में पाकिस्तान में हुई थी जब आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती थी।



## विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के सामने जर्मनी की मजबूत चुनौती



**कुआलालंपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में गुरुवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया। हाफटाइम तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत ने जीत दर्ज की। कप्तान उत्तम सिंह ने आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले विजयी गोल दागा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल ने मैच में दो गोल किए। कप्तान उत्तम ने कहा, 'हमें दबाव में खेलने की आदत हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या जोहोर कप में कांस्य पदक का मुकाबला, हमने दबाव में ही खेलकर जीत दर्ज की है। हमने इस पर काम किया है और इस कौशल को निखारा है। इस टीम के पांच खिलाड़ी पहले भी जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं और यह अनुभव काम आ रहा है।'

# टी20 रैंकिंग : सूर्यकुमार शीर्ष पर मजबूत, रिजवान से 78 अंक आगे

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गक्बेरहा में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जड़े अर्धशतक की बदौलत आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

सूर्यकुमार ने महज 36 गेंद में 56 बनाए जिससे उन्हें 10 रेटिंग अंक प्राप्त हुए। हालांकि भारतीय टीम इस रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार गई। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हो गए हैं जिससे वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787 अंक) और दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम (758 अंक) से काफी आगे हैं। सूर्यकुमार ने शीर्ष रैंकिंग पिछले साल के अंत में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान हासिल की थी और ऐसा लगता है कि वह अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्वकप तक इस स्थान पर कब्जा बनाए रखेंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शुरू होने में अब छह महीने से भी कम समय रह गया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि तिलक वर्मा (10 पायदान ऊपर 55वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (46 पायदान ऊपर 59वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ।



### बिश्नोई को होगा नुकसान

हाल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक गेंदबाज बने रवि बिश्नोई अभी तक दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अंतिम एकादश में नहीं चुने गए हैं तो इससे अफगानिस्तान के राशिद खान का गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता खुल गया है। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी दो पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव पांच पायदान के फायदे से 32वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।

### हरियाणा विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

**राजकोट।** हिमांशु राणा के नाबाद शतक और अंशुल कंबोज की शानदार गेंदबाजी की मदद से हरियाणा ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां पांच बार के चैंपियन तमिलनाडु को 63 रन से हराकर पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा फाइनल में राजस्थान और कर्नाटक के बीच गुरुवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 293 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। तमिलनाडु की टीम इसके जवाब में 47.1 ओवर में 230 रन बनाकर आउट हो गई। तेज गेंदबाज कंबोज ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 30 रन देकर चार विकेट लिए। राणा हरियाणा की जीत के नायक रहे। उन्होंने 118 गेंद पर नाबाद 116 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल हैं।



### टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और अमृतराज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा भारत के प्रसारक और प्रमोटर विजय अमृतराज अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष बन गये हैं। इन दोनों के अलावा प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक रिचर्ड इवांस को भी टेनिस के इस विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। पुरुष युगल और मिश्रित युगल में 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पेस को खिलाड़ियों के वर्ग में जबकि अमृतराज और ग्रेट ब्रिटेन के इवांस को टेनिस में योगदान देने वालों के वर्ग में चुना गया है। टेनिस खेल से जुड़े इन तीनों दिग्गज को शनिवार को न्यूपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। अभी तक 27 देश के 264 लोगों को टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया गया है। भारत इस तरह से इसमें प्रतिनिधित्व करने वाला 28वां देश बन जाएगा। पेस ने कहा, 'मेरे लिए जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान उस खेल में तीन दशक तक अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है, जिसने मुझे सब कुछ दिया और सिखाया।








### थरंगा संभालेंगे श्रीलंकाई चयन समिति की कमान

**कोलंबो।** खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट की सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को राष्ट्रीय चयन समिति का नया अध्यक्ष घोषित किया। पांच सदस्यीय समिति में पूर्व खिलाड़ी अजंता मेंडिस, इंडिका डि सरम, थरंगा परणविताना और दिलरुवान परेरा भी शामिल हैं। नयी समिति दो साल के लिये काम करेगी और अभी सबसे पहले उसकी जिम्मेदारी छह से 18 जनवरी के बीच कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम का चयन करना है।




**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन**
हाऊसिंग बोर्ड कमर्शियल कॉम्पलेक्स, चतुर्थ तल, दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर 27, अटल नगर, नवा रायपुर (छ. ग.) - 492015

निविदा सूचना क्र. / 11606 / सी. जी. एम. एस. सी. लिमि. / तकनीकी /2023-24

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा ई. डी. एल. एवं नॉन-ई.डी.एल. औषधि (एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, कच्ची) एवं कन्जुमेवल, टेस्ट कीट, मेडिकल उपकरण सामग्री की आपूर्ति एवं बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव हेतु प्रतिष्ठित फ़र्म से निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

निविदा दस्तावेज और नियम इत्यादि का विवरण दिनांक 13/12/2023 से 31/03/2024 तक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट https:// www.cgmsc.gov.in तथा https:// www.eproc.egstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं उक्त निविदाओं में समयानुसार किये जाने वाले संशोधनों की जानकारी उपरोक्त वेबसाइटों से प्राप्त किया जा सकेगा।

दिनांक 11/12/23

वास्ते
प्रबंध संचालक सी.जी.एम.एस. सी. लिमिटेड
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

S-39088/2



**CHHATTISGARH STATE WAREHOUSING CORPORATION**
**HEAD OFFICE - SECTOR- 24, VILLAGE- JHANJH, ATAL NAGAR NAVA RAIPUR, C.G.**

No./CGSWC/Tech./Purchase/2023-24/13654 Date:- 11.12.2023

**Portal: https://eproc.cgstate.gov.in.**

Online e-Tender (2nd Call) under three bid system are invited from only Manufacturing Firms for entering into Annual Rate Contract for the Supply of Deltamethrin 2.5% WP (Tender No.- 149970) and Malathion 50% EC (Tender No.-.149987) for a period of One Year as and when required basis.

Online E-Tender (3rd Call) under three bid system are invited from Manufacturer/ Authorised/ Distributers/ Dealers for entering into Annual Rate Contract for the Supply of 100 Kg Electronic Weighing Machine (Tender No.-149991) for a period of One Year as and when required basis.

Help Desk-Contractors may contact Help Desk for any clarification/ training regarding the online process on Toll Free No. 1800 419 9140 or E-mail helpdesk.cgeproc@mjunction.in.

Any further amendments/corrigendum for the tender will be published only online on the website- https://eproc.cgstate.gov.in. And No personal or paper publication will be done in this regard.

MANAGER
(Scientific Storage & Quality Control)

S-39086/1



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 1771 /भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2023 रायपुर दिनांक 12/12/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फॉरच्युन रिसोर्सेस प्रायवेट लिमिटेड द्वारा संचालक श्री राजेश अग्रवाल पिता स्व. श्री रामचंद्र अग्रवाल, स्वर्ण भूमि, रायपुर (छ.ग.) का ग्राम आमासिवनी में भूमि ख.क्र. 233/45, रकबा 0.0368 हे., ख.क्र. 15000/142 रकबा 4.017 हे., ख.क्र. 15005 रकबा 2.3142 हे., ख.क्र. 15006/1 रकबा 13.8936 हे. ख.क्र. 15007 रकबा 0.348 हे., कुल रकबा 20.6096 हेक्टेयर में से Area for substation 1281.91 Sqm., Area Under Nallah Buffer 12830.09 Sqm. छोड़कर Net Land Area 191984.00 Sqm. पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्ड, समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित भूखण्ड एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखण्ड | रकबा कुल बंधक भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 7201 TO 7208 | 08 | 250.71 Sqm. | 2005.68 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 7209 | 01 | 501.42 Sqm. | 501.42 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 7210 TO 7217 | 08 | 250.71 Sqm. | 2005.68 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. 7301 TO 7314 | 14 | 250.71 Sqm. | 3509.94 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. 7401 TO 7407 | 7 | 250.71 Sqm. | 1754.97 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. 7408 TO 7410 | 03 | 209.72 Sqm. | 629.15 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. 7411 TO 7412 | 02 | 250.71 Sqm. | 501.42 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. 8506 | 01 | 1014.25 Sqm. | 1014.25 Sqm. |
| 9 | भूखण्ड क्र. 8507 | 01 | 935.95 Sqm. | 935.95 Sqm. |
| 10 | भूखण्ड क्र. 8508 | 01 | 935.95 Sqm. | 935.95 Sqm. |
| 11 | भूखण्ड क्र. 8509 | 01 | 789.52 Sqm. | 789.52 Sqm. |
| योग | | 47 | | 14583.93 Sqm. |

(ब) निम्न आय वर्गों (L.I.G.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखण्ड | रकबा कुल LIG भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 101 से 108 तक | 08 | 99.43 Sqm. | 795.44 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 109 से 111 तक | 03 | 99.97 Sqm. | 299.92 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 112 | 01 | 93.14 Sqm. | 93.14 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. 113 | 01 | 99.68 Sqm. | 99.68 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. 114 | 01 | 94.40 Sqm. | 94.40 Sqm. |
| 6. | भूखण्ड क्र. 115 | 01 | 98.98 Sqm. | 98.98 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. 116 से 119 तक | 04 | 99.97 Sqm. | 399.90 Sqm. |
| योग | | 19 | | 1881.46 Sqm. |

(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति EWS भूखण्ड | रकबा कुल EWS भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 01 से 06 तक | 06 | 50.00 Sqm. | 300.00 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 07 | 01 | 43.34 Sqm. | 43.34 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 08 से 27 तक | 20 | 50.00 Sqm. | 1000.00 Sqm. |
| योग | | 27 | | 1343.34 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से सत्ता में आई भाजपा के रंग में राजधानी रायपुर का साइंस कॉलेज मैदान रंगा नजर आया। मौका था मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई केंद्रीय मंत्री, सात राज्यों के मुख्यमंत्री, साधु संतों के साथ प्रदेश भर से भारी संख्या में जनता भी जुटी। शपथ स्थल पूरी तरह से भाजपा के साथ ही भगवा रंग में रंगा नजर आया। शपथ स्थल पर कई तरह के अलग-अलग नजारे भी देखने को मिले। उसी की कुछ चुनिंदा तस्वीरें...

# भाजपा के रंग में रंगा रायपुर

**कैबिनेट के संभावित चेहरे: इस तस्वीर में वे दिग्गज जो बन सकते कैबिनेट का चेहरा**



**मोदी क्रेज: हर कोई उनकी तरफ टकटकी लगाए देखता रहा**





**ईश्वर का क्रेज: साजा में मंत्री रविंद्र चौबे को हराकर विधायक बने ईश्वर साहू का दिखा क्रेज**



**भूपेश-सिंहदेव भी पहुंचे: शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के साथ पहुंचे।**



**नृत्य करते नृतक दल**





**संतों के लिए सजा मंच**



**पीएम मोदी** के समक्ष विनम्र आभार व्यक्त करते विष्णुदेव साय।



**ऐतिहासिक पल:** शपथ ग्रहण के बाद हस्ताक्षर करते हुए विष्णुदेव साय।



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और राज्यपाल के बीच हुई चर्चा।



**संतों के बीच** संत मुख्यमंत्री का इस तरह हुआ आमना-सामना।



**मोदी नहीं** तो मोदी का कटआउट ही सही, दर्शक ले गए साथ।



**भगवा रंग** में रंगा था कार्यक्रम, हर तरफ भगवा ध्वज ही नजर आएं।




मा. श्री विष्णुदेव साय जी
के मुख्यमंत्री की,
मा. श्री अरूण साव जी
एवं मा. श्री विजय शर्मा जी
के उप मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. डॉ. रमन सिंह
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा
मा. अरूण साव
उप मुख्यमंत्री
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री
महावीर सिंह राठौर
पूर्व चेयरमैन, अपैक्स बैंक
आशाराम नेताम
विधायक कांकेर
आलोक ठाकुर
सर्वेश सिंह
राजीव लोचन सिंह
अनूप सिंह
निखिल राठौर
सुमित्रा मारकोले
देवलाल दुग्गा
भोज राज नाग
ब्रम्हानंद नेताम
भरत मटियारा
महेश जैन
सतीश लाटिया
दिलीप जायसवाल
ब्रजेश चौहान
राजा देवनानी
परमानंद तेता
अशोक वालेचा
रवि तिवारी
टिकेश्वर जैन
किरण उसेंडी
संजू गोपाल साहू
विनीत : अनूप सिंह राठौर जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी कांकेर




# चीन के युवा 'भाग' रहे थाईलैंड, सालभर में 50 लाख की आबादी हो गई शिफ्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चीनी नागरिक झांग चुआनन ने अपने देश में सख्त जीरो-कोविड लॉकडाउन के दौरान नौकरी खो दी थी। नौकरी से निकाले जाने के बाद शंघाई में एक कॉस्मेटिक फर्म में अकाउंटेंट के रूप में काम करने वाले 34 वर्षीय झांग ने एक ऑनलाइन थाई पाठ्यक्रम के लिए 1,400 डॉलर का भुगतान किया, एक शिक्षा वीजा प्राप्त किया और सुंदर उत्तरी थाई शहर चियांग माई में चले गए। झांग उन युवा चीनियों की बढ़ती संख्या में से एक है, जो वैचारिक कारणों से नहीं बल्कि देश की अति-प्रतिस्पर्धी कार्य संस्कृति, सीमित अवसरों और बढ़ती बेरोजगारी से बचने के लिए विदेश जा रहे हैं। विदेशों में बढ़ते प्रवासन के बीच, थाईलैंड कई चीनी लोगों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। चीन ने महामारी के दौरान दुनिया के सबसे सख्त कोविड प्रतिबंधों में से एक को लागू किया, जिससे करोड़ों लोगों को बेहद लंबे समय तक लॉकडाउन में रखा गया। इसके परिणामस्वरूप युवा ऊब गए और विदेश भागने के लिए उड़ान भरने लगे। 26 वर्षीय पूर्व बैंक कर्मचारी चेन ने एएफपी को बताया कि महामारी के दौरान लोगों में आजादी की इच्छा मजबूत हो गई. चीन की वित्तीय राजधानी शंघाई में सख्त लॉकडाउन से प्रभावित चेन के पास एक स्थिर, अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी थी, लेकिन वह अपने आगे के करियर के रास्ते से नाखुश थी।

## चीन ने महामारी के दौरान दुनिया के सबसे सख्त कोविड प्रतिबंधों को किया था लागू

### पसंद की वजह

चीन में लोकप्रिय सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों में, प्रभावशाली लोग और उनके वीडियो थाईलैंड में प्रवास करने के लाभों से भरे हुए हैं। सस्ते अंतरराष्ट्रीय स्कूलों से लेकर विदेशी स्थानों और किफायती स्वास्थ्य देखभाल तक थाईलैंड को एक स्वर्ग के रूप में पेश कर रहा है, जो सभी के लिए कुछ न कुछ वादा करता है। दक्षिण पूर्व एशियाई देश को यूरोप या उत्तरी अमेरिका की तुलना में आसान माना जाता है, जहां राज्य कई प्रकार के लांग-टर्म वीजा प्रदान करता है, जिसमें एक साल का भाषा पाठ्यक्रम भी शामिल है। इसकी लागत लगभग $700 से $1,800 के बीच बैठती है।



### थाईलैंड में कितनी चीनी आबादी

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की **एक रिपोर्ट में** कहा गया है कि देश में अनुमानित 7.1 **मिलियन** लोग हैं जो खुद को चीनी मानते **हैं, जो दक्षिण** पूर्व एशिया में सबसे पुराना और **सबसे** महत्वपूर्ण जातीय चीनी समुदाय **है। एक** रिपोर्ट के अनुसार बीते एक साल **में** थाईलैंड में 5 मिलियन यानी 50 **लाख चीनी** नागरिक पहुंचे हैं। थाईलैंड के **रियल** एस्टेट सूचना केंद्र के अनुसार, **चीनी** पहले से ही थाईलैंड में संपत्ति के विदेशी खरीदारों के सबसे बड़े **समूह** के रूप में रैंक करते हैं, 2022 में औसतन $150,000 प्रत्येक की कीमत पर 3,500 से अधिक इकाइयां खरीदी गईं।

### स्टडी वीजा पर पहुंच रहे चीनी नागरिक

इसके अलावा थाईलैंड का एक साल का स्टडी वीजा प्राप्त करना अपेक्षाकृत आसान है। चियांग माई में पयाप विश्वविद्यालय में लगभग 500 चीनी लोगों ने इस वर्ष की शुरुआत में एक ऑनलाइन थाई पाठ्यक्रम शुरू किया। कई चीनियों के लिए, थाईलैंड को एक महत्वपूर्ण देश के रूप में देखा जाता है, जो विदेश में रहने के प्रयोग के लिए आदर्श है। चीन छोड़ने की बढ़ती इच्छा को चीनी मैसेजिंग ऐप वीचैट पर पैटर्न में देखा जा सकता है। चीनी भाषा मीडिया के अनुसार, "माइग्रेशन" सर्च करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो अक्टूबर में एक दिन में 510 मिलियन तक पहुंच गई, जबकि जनवरी के अंत में "माइग्रेट थाईलैंड" को एक ही दिन में 300,000 से अधिक बार खोजा गया।

# शवों को जलाने के लिए करते हैं रात का इंतजार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हमारे देश में एक ऐसा भी गांव है, जहां पर अगर किसी की मौत हो जाती है तो उसे अंतिम संस्कार के लिए रात तक का इंतजार करना पड़ता है। जी, यह बिल्कुल सत्य है। इस गांव का नाम है बाघमारा, जो कि मेघालय राज्य के दक्षिण गारो हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश की सीमा के पास है। यहां पर किसी हिंदू परिवार के किसी प्रियजन की मौत हो जाती है तो उनको अंतिम संस्कार के लिए रात तक इसका इंतजार करना पड़ता है। यहां के लोगों ने हर जगह अपील की, प्रशासन से लेकर सरकार तक और हाईकोर्ट तक, लेकिन आज तक उनको एक छोटा सा जमीन का टुकड़ा मयस्सर नहीं हो पाया है, ताकि वे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार शांति के साथ कर सके।

## बांग्लादेश सीमा के पास चोरी छिपे होता है अंतिम संस्कार

### रात का इंतजार

बाघमारा गांव भारत-बांग्लादेश सीम पर बसा हुआ है। यहां पर करीब पांच से छह हजार हिंदू लोग रहते हैं। लेकिन यहां पर आजादी से लेकर आज तक हिंदूओं का कोई श्मशान घाट नहीं है। इसलिए यहां के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए रात का इंतजार करना पड़ता है। ताकि वे रात के अंधेरे में चोरी छिपे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार कर सके। गांव के लोग बताते हैं कि पहले जो हिंदूओं का श्मशान घाट था, आजादी के बाद वह बांग्लादेश के हिस्से में चली गई है। फिर भी लोग वहीं जाकर अंतिम संस्कार करते थे लेकिन समस्या 2014 में तब खड़ी हो गई जब उस जगह पर बांग्लादेश ने सड़क का निर्माण कर दिया।



### आंखें भर आएंगी

जैसे-जैसे शाम रात की आगोश में समाती जाती है, धीरे-धीरे परिजन मृतक देह को नहलाना धुलाना शुरू करते हैं। वैसे तो हिंदूओं में शाम ढलने के बाद दाह संस्कार की मनाही है लेकिन यहां और कोई चारा नहीं है। किसी तरह से तरह से वे लोग नदी के किनारे पहुंचते हैं, देखते हैं कि नदी उफान पर है। लेकिन जल्दी से जल्दी अंतिम संस्कार का काम को खत्म करना है, कहीं बांग्लादेशी सैनिक देख नहीं लें। उफनती नदी पर पहले केले के बड़े-बड़े थंबों को नीचे लगाया जाता है। जब वह पानी से ऊपर आ जाता है तो उस पर लकडियां लगाई जाती हैं। उसके बाद किसी तरह से अंतिम संस्कार का काम किया जाता है। कोई भी इस दृश्य को देखता है तो उसकी आंखें भर आती हैं।

### अगले हफ्ते बुलाई है बैठक: डीसी

इस बारे में दक्षिण गारो हिल्सस, बाघमारा के डीसी शिवांश अवस्थी ने कहा है कि उनके ज्वाइन करने के बाद स्थानीय लोग इस संबंध में मिले थे। हिंदू समुदाय के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए जमीन मिले, इसके लिए मंगलवार को हमने सभी स्टेकहोल्डर्स की एक बैठक बुलाई है। पहले भी जमीन देने की कोशिश की लेकिन बहुत सी दिक्कतें आईं। यहां पर सबसे बड़ी दिक्कत है जमीन की, क्योंकि अंतिम संस्कार के लिए दी जानी है। इसके साथ ही बहुत सी चीजों का ध्यान रखना होता है। जल्द से जल्द लोगों को इस समस्या से निजात मिले, इसकी पूरी कोशिश जिला प्रशासन कर रहा है।

### हिंदूओं के श्मशान घाट का हर बार स्थानीय लोगों ने किया विरोध

वहीं, दूसरे तरफ यहां भारतीय क्षेत्र में हिंदूओं को श्मशान घाट के लिए जमीन कई बार दी गई लेकिन हर बार कोई न कोई परेशानी सामने आई। जैसा कि लोगों ने बताया सरकार ने 2019 में श्मशान के लिए जंगल में जमीन दी, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इसके बाद 2022 में भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमीन दिया गया, लेकिन बांग्लादेश ने इसका विरोध किया। इसके बाद फिर 2022 में ही म्यूनिसिपलटी गारबेज एरिया में जमीन दिया गया, जहां स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। तबसे लेकर जद्दोजहद चल रही है।

### हम भगवान से प्रार्थना करते हैं हमारी मौत यहां नहीं हो

समस्या का समाधान नहीं होने तक हिंदूओं को बांग्लादेश की सिमसंग नदी के किनारे जो हिस्सा बांग्लादेश में पड़ता है, वहीं चोरी-छिपे रात के अंधेरे में जोखिम उठाकर अंतिम संस्कार कर रहे हैं। अगर बांग्लादेश की बीजीबी को इसकी भनक पड़ी तो वे गोली भी चला सकते हैं। अगर किसी दिन ऐसा हुआ तो एक बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि अंतिम संस्कार करने काफी संख्या में लोग जाते हैं। तरह की परेशानी झेल रहे लोग कहते हैं, हम तो भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारी मौत यहां नहीं हो, जहां दो गज जमीन का टुकड़ा, अपने ही देश में मयस्सर ना हो।

### अगर दफनाओगे तो मिलेगी जमीन, जलाने नहीं देंगे

इस समस्या को लेकर यहां के हिंदू समाज ने कई बार राज्य प्रशासन और राज्य सरकार को आवेदन किया। प्रशासन ने भूमि भी मुहैया करवाई लेकिन जब श्मशान का निर्माण का समय आया तो यहाँ के स्थानीय ईसाई आदिवासी लोग विरोध में खड़े हो गए। नाम न बताने के शर्त पर कुछ लोगों ने बताया की मुख्यमंत्री ने भी यहाँ के श्मशान बनाने के लिए भूमि और राशी जारी की लेकिन स्थानीय आबादी के विरोध के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया। यहाँ के स्थानीय लोग उन्हें कहते है की अगर शव को दफनाओंगे तो हम तुम्हें भूमि देंगे लेकिन हम जलाने नहीं देंगे। क्योंकि इससे प्रदूषण होगा।

# महिला ने ही छीन ली रोबोट की नौकरी मशीन की तरह करती है काम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

तकनीक अब वो अधिकतर काम आसानी से कर ले रही है जिसके लिए ह्यूमन रिसोर्स की जरूरत हुआ करती थी। ऐसे में पहले रोबोट्स और अब एआई के आने के बाद से बड़ी संख्या में नौकरियां जाने की बात कही जा रही है। दुनिया की कई कंपनियों ने तो इंसानों को नौकरी देने की जगह एआई से काम लेना शुरू भी कर दिया है। इस सब के बीच चीन की एक महिला तो रोबोट की ही नौकरी खा जाने के चलते चर्चा में है। जी हां सही पढ़ा आपने, एक



महिला रोबोट की तरह काम कर रही है। पहले खबर आई की चीन के चोंगकिंग के एक रेस्टोरेंट 'हॉटपॉट' में एक एंड्रॉयड वेट्रेस काम करती है यानी वो एक रोबोट है। वीडियो वायरल हुआ तो लोग इतनी ज्यादा इंसान जैसी दिखने वाली रोबोट को देखकर हैरान रह गए। वह जैसे रेस्टोरेंट में कस्टमर का स्वागत कर रही थी और ऑर्डर ले रही थी उससे लोग चकित थे। इसका वीडियो इतनी तेजी से वायरल हुआ तो कई न्यूज आउटलेट इसे देखने के लिए रेस्टोरेंट पहुंचे. यहां जाकर समझ आया कि दरअसल ये तो एक इंसान ही है जो अपने टैलेंट से रोबोट जैसा बर्ताव कर रही है। साथ ही ये लड़की कोई और नहीं बल्कि 26 साल की किन थी जो इसी रेस्टोरेंट की मालकिन है और अपने रोबोटिक डांस फॉर्म के चलते फेमस हैं। किन ने कहा कि डांस उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा जुनून रहा है।


गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्पर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

# जेम्स बॉन्ड फिल्म जैसा भारत का पहला अंटार्कटिका मिशन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत को अंटार्कटिका पर अपना वैज्ञानिक बेस स्थापित किए हुए 40 साल हो गए हैं। उस मिशन में शामिल सदस्यों ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में याद करते हुए बताया कि भारत के इस मिशन को टॉप सीक्रेट रखा गया था और यहां तक कि मिशन में शामिल लोगों को परिजनों को भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। साथ ही मिशन में शामिल लोगों को ट्रेनिंग देने वाले लोगों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी।



### पूरी तरह रखा गया था गुप्त

बता दें कि भारत का पहला अंटार्कटिका मिशन साल 1981 में शुरू किया गया था, जिसमें 21 लोग शामिल थे। अंटार्कटिका मिशन पर जाने वाली टीम का नेतृत्व डॉ. एस जेड कासिम ने किया था। भारतीय वैज्ञानिकों ने गोवा से अपने मिशन की शुरूआत की थी और साल 1983 में भारत का पहला वैज्ञानिक बेस स्टेशन अंटार्कटिका में स्थापित किया गया था। इसे दक्षिण गंगोत्री नाम दिया गया। 1 दिसंबर का दिन दुनियाभर में अंटार्कटिका दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर गोवा में नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओसीन रिसर्च (एनसीपीओआर) ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी कार्यक्रम में भारत के अंटार्कटिका मिशन में शामिल लोगों ने मिशन से जुड़ी यादें साझा की। मिशन में शामिल रहे अमित्व सेन गुप्ता ने बताया कि 'मिशन को लेकर बैठके बंद दरवाजों के पीछे होती थी। इन बैठकों में कैबिनेट सचिव, नेवी चीफ स्तर के अधिकारी शामिल होते थे। उन्होंने बताया कि मिशन में शामिल रहे लोगों को अपने परिवार को भी इसके बारे में ना बताने के निर्देश दिए थे। मिशन में शामिल रहे एसजी प्रभु मातोंडकर ने बताया कि उनमें मिशन को लेकर ऐसा भाव था कि वह देश के लिए कुछ कर रहे हैं।

### सोवियत संघ के मिशन के साथ भी जा चुके थे भारतीय वैज्ञानिक

बता दें कि भारत के पहले अंटार्कटिका मिशन से पहले भी भारतीय वैज्ञानिक सोवियत संघ के मिशन के तहत 1971 में भी अंटार्कटिका जा चुके थे। इस दल में डॉ. परमजीत सिंह शेरा शामिल थे। शेरा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई ने उन्हें सोवियत मिशन पर जाने के लिए प्रेरित किया था। अंटार्कटिका में भारतीय बेस बनाने वाली टीम के प्रमुख रहे डॉ. हर्ष के गुप्ता ने बताया कि तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने भी बेस बनाने में काफी मदद की थी।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com